हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री

12 भिलाई में बनेगा थोक सब्जी मार्केट



13 अवैध शराब विक्रय को लेकर मुखर रहे सरपंच, विकास में देरी का मुद्दा भी उठा





## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोटिया रोड नाला किनारे एक युवक अपने हाथ में धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ ने आरोपी ने अपना नाम पोटिया कुंदरा पारा दुर्ग निवासी राजू उर्फ संतलाल जांगड़े बताया है। आरोपी के पास से एक लोहे का धारदार हथियार जब्त किया गया।

### सूदखोरी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** सूदखोरी और चेक का गलत उपयोग करने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला का नाम गंडई निवासी शोभा केशकर उर्फ निशा नामक है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुसलमान पारा निवासी शहनाज बेगम ने शिकायत की थी कि नवंबर 2023 में शोभा केशकर से 10 प्रतिशत ब्याज पर 20 हजार रुपए उधार लिया था। शहनाज ने बैंक ऑफ बड़ौदा का एक कोरा चेक भी आरोपी को दिया था। 9 माह तक प्रतिमाह 2000 रुपए ब्याज के रूप में चुकाती रही। पीड़िता के परिजनों के हस्तक्षेप के बाद 25 हजार रुपए में पूरा लेन-देन खत्म करना स्वीकार किया। इसके बावजूद शोभा केशकर ने न तो चेक लौटाया और न ही लेन-देन समाप्त माना। शहनाज का आरोप है कि शोभा उसके कोरे चेक में 1 लाख रुपए की राशि भर दी। चेक बाउंस होने के बाद कोर्ट के जरिए उन्हें नोटिस भेजा है।

## जांच में खुलासा : शिक्षक ने निजी ईमेल से आदेश भेजा

# निलंबित शिक्षक ने अपनी बहाली के लिए फर्जी लेटरहेड में आदेश जारी किया, हो सकता है जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*निलंबित शिक्षक ने ई-मेल के जरिए स्वयं की बहाली का आदेश जारी करने का मामला सामने आया है। शिक्षक ने सामान्य प्रशासन विभाग के फर्जी लेटरहेड का इस्तेमाल कर आदेश जारी किया और उच्च अधिकारियों को भेज दिया। आदेश की भाषा और शब्दावली संदिग्ध लगने पर मामले का खुलासा हुआ।*

संभागीय शिक्षा कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि अगर यह ई-मेल फर्जी साबित होता है तो शिक्षक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाएगा। मामला पुलिस को सौंपा जाएगा। जानकारी के मुताबिक निलंबित शिक्षक शेषनारायण साहू है प्राइमरी स्कूल खुर्सीडीह में पदस्थ था। दो-तीन माह पूर्व उसके खिलाफ हेडमास्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत भेजी थी। जिसमें बताया गया था कि शेषनारायण समय पर स्कूल नहीं आता। वह शालेय कार्यों में सहयोग नहीं करते थे और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का उल्लंघन करते थे। शेषनारायण पर शिकायत करने की धमकी देने और ग्रामीणों को भड़काने का भी आरोप था। उक्त आरोपों की जांच कराई गई, जिसमें उसकी पुष्टि हुई। जांच अधिकारी की रिपोर्ट में शिक्षक की अनियमित उपस्थिति और गैर-जिम्मदारना व्यवहार की पुष्टि हुई। इसके कारण स्कूली बच्चों की पढ़ाई और शालेय गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भी उनके आचरण को लेकर असंतोष था।

खास खबर

### शब्दावली पर संदेह के बाद जांच शुरू, 21 जनवरी को किया गया था शिक्षक को निलंबित



#### निलंबित कर मुख्यालय छुरिया में किया पदस्थ

जांच में मिला कि शिक्षक का यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। सभी तथ्यों के आधार पर संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग दुर्ग ने 21 जनवरी 2026 को शिक्षक शेषनारायण साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, छुरिया (जिला राजनांदगांव) निर्धारित किया गया था। अचानक से 7 अप्रैल 2026 को ईमेल के जरिए शिक्षक की बहाली का आदेश सामने आया। आदेश में दावा किया गया कि विभागीय जांच के बाद निलंबन समाप्त कर दिया गया है। शिक्षक को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुपेला में दोबारा पदस्थ किया गया है। आदेश पूरी तरह आधिकारिक नजर आ रहा था, जिससे कुछ समय के लिए विभाग में भ्रम की स्थिति बन गई।

#### ई-मेल शिक्षक के निजी आईडी से भेजा

ईमेल मिलते ही उसकी भाषा पर संदेह हुआ। कुछ शब्द ऐसे थे, जो सामान्य शासकीय आदेशों में इस्तेमाल नहीं होते। इसी आधार पर संबंधित कार्यालय से संपर्क कर आदेश की पुष्टि की प्रक्रिया शुरू की गई। शुरुआती जांच में पता चला कि ई-मेल शिक्षक के निजी आईडी से भेजा गया था। इससे संदेह और गहरा गया कि बहाली आदेश फर्जी हो सकता है। इसे स्वयं शिक्षक ने तैयार किया हो। यह बात सही साबित होती है, तो मामला गंभीर अपराध की श्रेणी में आएगा।
-आरएल ठाकुर, संभागीय संयुक्त संचालक

## जिलाबदर के आरोपी के साथ आरक्षक का वीडियो वायरल, निलंबित

- छावनी में पदस्थ है आरक्षक
- केक खिलाते वीडियो वायरल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला बदर बदमाश के जन्म दिन पर पुलिस आरक्षक शामिल होने का वीडियों वायरल होते ही उसे एसएसपी ने तुरंत निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक छावनी थाने में पदस्थ नीतिन सिंह राजपूत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वीडियो में जिलाबदर बदमाश शेख अब्बास खान के साथ आरक्षक केक काटते दिख रहा है। जिसका जन्म दिन मनाया जा रहा था, उसे पुलिस ने ड्रग्स के आरोप में जेल भेजा था। अपराधी के साथ आरक्षक का केक काटने का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी विजय अग्रवाल ने इसे गंभीरता से लिया और आरक्षक को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। आदेश में बताया गया है कि प्रथम दृष्टया यह साफ है कि आरक्षक का आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मेलजोल है, जो कि संदिग्ध आचरण की श्रेणी में आता है। वीडियो के वायरल होने पर अब पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आदेश में इस बात का भी उल्लेख है कि इस तरह का कृत्य पुलिस का अपराधियों के साथ मेलजोल और संदिग्ध आचरण पुलिस विभाग की छवि को खराब करता है। थाना छावनी के गुंडा बदमाश व क्षेत्र के अपराधिक व्यक्ति द्वारा केक काटने के दौरान आरक्षक 864 नितिन सिंह का विडियो वायरल हुआ है। आरक्षक नितिन सिंह थाना छावनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पुलिस लाइन दुर्ग भेजा गया। निलंबन अवधि में आरक्षक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## म्यूल खातों में करोड़ों का लेनदेन, 11 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** म्यूल खातों से करोड़ो रुपए का लेन देन को लेकर पुलिस ने 11 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। समन्वय पोर्टल के माध्यम से मिली जानकारी के बाद थाना मोहन नगर, सुपेला क्षेत्र के अंतर्गत बैंक शाखाओं में संचालित म्यूल खातों की जांच की गई। पाया गया कि स्टेशन रोड, दुर्ग स्थित कर्नाटका बैंक के 111 खातों, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला फेडरल बैंक के 105 खातों समेत 250 से अधिक संदिग्ध बैंक खातों की जांच की गई। जिसमें 1.88 करोड़ 67 हजार 554 रुपये की सायबर ठगी राशि का लेनदेन खातों में मिला। उक्त खाताधारकों को पुलिस ने पकड़ा जिसमें आर्य नगर कोहका भिलाई निवासी शिवधर साहू, आरती मारकण्डे, गोविंदा डहरिया,शंकर नगर दुर्ग साहिल टेम्बेकर,वार्ड 24 दुर्ग धर्मेन्द्र सिंह, खुर्सीपार एस त्रिमोला, प्रिया सिंह, रसमड़ा दुर्ग प्रदीप कुमार उइके, कैम्प-2 भोजराज प्रजापति, सुपेला हेमंत कुमार साहू,सन्नी चौहान को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक संबंधित बैंक खातों का दस्तावेज जब्त किया गया।

## एसबीएस अस्पताल से पांच लाख रंगदारी मांगने वाले के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पावर हाउस स्थित एसबीएस अस्पताल प्रबंधन से रंगदारी कर पांच लाख रुपए का डिमांड करने की शिकायत गुरुमीत सिंह वाधवा के खिलाफ छावनी थाने में की थी। अस्पताल के मैनेजर वार्ड 7 कुरुद रोड साकेत नगर कोहका निवासी निर्मल सिंह ने शिकायत किया है कि सुंदर नगर भिलाई निवासी गुरुमीत सिंह वाधवा उनके अस्पताल में एक बीमारी का इंजेक्शन लगवाने आता था। गुरुमीत ने इलाज का बिल आज तक नहीं दिया और उस बिल को फर्जी बताते हुए अस्पताल प्रबंधन से 5 लाख रुपए की डिमांड करने लगा। रकम देने से मना करने पर गुरुमीत सिंह वाधवा ने गाली गलौज कर फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी। गुरुमीत पर आरोप है वह स्वयं को मीडिया कर्मी बताकर धमकी दिया करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**यह भी है आरोप :** यह भी आरोप है कि गुरुमीत वाधवा ने 28 नवंबर 2025 को छग के मुख्य सचिव विकास शील गुप्ता को पत्र देकर कहा था कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने उसे छग के हर जिले में पांच-पाच अस्पतालों की जांच कर, वहां हो रहे इलाज की रिपोर्ट देने कहा है। उसने भिलाई के एसबीएस अस्पताल की जांच की तो वह मानक के मुताबिक नहीं मिला। सचिव के आदेश पर सीएमएचओ दुर्ग डॉ. मनोज दानी ने जांच कराई तो वाधवा की कथित जांच रिपोर्ट निराधार मिली।







### इंस्टाग्राम में दोस्ती का झांसा देकर युवती से किया अनाचार, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



युवती से सोशल मीडिया में दोस्ती कर उसके साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि भानुप्रतापपुर क्षेत्र की युवती की पहचान 2005 में इंस्टाग्राम से सिकोला भाटा दुर्ग निवासी सौरभ राजपूत से पहचान हुई। दोनों के बीच फोन पर लगातार बातचीत होने लगी। युवक ने युवती को शादी का भरोसा दिलाया और मिलने के लिए दुर्ग बुलाया था। 5 मार्च 2026 को युवती मिलने दुर्ग पहुंची। सौरभ उसे अपने बड़े भाई के घर सिकोला भाटा लेकर गया। जहां रात के समय उसने शादी का झांसा देकर अनाचार किया। घटना के बाद युवती कुछ दिनों अपनी बुआ के घर पाटन में रही। 28 मार्च को आरोपी युवती को उज्जैन घुमाने के लिए ले गया। वहां भी शारीरिक संबंध बनाया। लौटकर आने के बाद उसे दुर्ग में अपने पास रखा लगातार अनाचार किया। अंतिम बार 11 अप्रैल 2026 को आरोपी ने युवती को ग्राम संबलपुर अपने नानी के यहां एक रात रखकर अनाचार किया। उसके दूसरे दिन आरोपी ने युवती को उसके गांव छोड़ दिया। इसके बाद युवती के घर वालों ने सौरभ पर शादी का दबाव बनाया तो वो फरार हो गया। फोन पर बात करने पर उसने शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद युवती ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने जांच कर युवक को पकड़कर जेल भेज दिया है।




| SUBJECT CHOICE | STREAM I | STREAM II | STREAM III | STREAM IV |
|---|---|---|---|---|
| MAIN SUBJECT | MATHEMATICS | BIOLOGY | ACCOUNTS | ECONOMICS |
| MAIN SUBJECT | PHYSICS | PHYSICS | ECONOMICS | SOCIOLOGY |
| MAIN SUBJECT | CHEMISTRY | CHEMISTRY | BUSINESS STUDIES | POLITICAL SCIENCE |
| MAIN SUBJECT | ENGLISH | ENGLISH | ENGLISH | ENGLISH |
| OPTIONAL SUBJECT (CHOOSE IF ANY) | AI | YOGA | BANKING | MULTIMEDIA |
| | CS | PSY | AP. MATHS | PSY |
| | IT | IT | IT | IT |
| ADDITIONAL SUBJECT (CHOOSE IF ANY) | DANCE | DANCE | DANCE | DANCE |
| | PAT | PAT | PAT | PAT |

# जनगणना-2027: संभाग आयुक्त और कलेक्टर ने भरा ऑनलाइन स्व गणना प्रपत्र

**पहली बार स्व-गणना, स्वयं ऑनलाइन जानकारी भरने की सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में भारत की जनगणना की तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के तहत जारी हैं। नागरिकों को स्व-गणना का अवसर प्रदान किया गया है। एसई वेब पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में कोई भी व्यक्ति जनगणना संबंधी निर्धारित बिंदुओं में अपनी जानकारी स्वयं भर सकता है।

जिले में गुरुवार से स्व-गणना शुरू हो गया है। संभाग आयुक्त एसएन राठैर एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह ने गुरुवार को निर्धारित पोर्टल से अपना स्व गणना पत्रक ऑनलाइन भरे। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए आसान एवं सरल प्रक्रिया के तहत स्व गणना भरने की सहूलियत दी गई है। घर का मुखिया इस फार्म को भर सकते है। एक मोबाइल से केवल एक ही स्व गणना फार्म भरा जा सकता है। यह फॉर्म सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक भरा जा सकता है। इससे एक आई डी प्राप्त होगा। जिसे प्रगणक जब आपके घर आएंगे तब बताना होगा। लेकिन यदि आप यह फॉर्म नहीं भर पाते तो 1 से 30 मई के बीच प्रगणक आपके घर आकर जानकारी लेंगे। यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय है। जिले में चल रही जनगणना की तैयारियों के सिलसिले में शनिवार 11 अप्रैल से प्रगणकों एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण शुरू हुआ।

### बेझिझक दें सही-सही जानकारी

संभाग आयुक्त राठौर एवं कलेक्टर सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिए आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी। स्पष्ट प्रावधान है कि आपके द्वारा दी गई जानकारी का उपयोग साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं होगा। जनगणना के आंकड़े कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते हैं।







### प्रथम चरण में मकान सूचीकरण व गणना

भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में भी दो चरणों में जनगणना होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य 1 से 30 मई तक किया जायेगा। जनगणना कार्यक्रम के तहत प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना 2027 एंड हैलो मोबाइल एप का उपयोग कर डिजिटल डाटा संग्रह करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जाँच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जायेगा। साथ ही चार्ज अधिकारी भी मैदान में जाकर पुनः सत्यापन कर त्रुटियां ठीक करायेंगे। ग्राम व नगर रजिस्टर का प्रारूप व विषय वस्तु, ग्रामीण व नगरीय चार्ज रजिस्टर, प्रगणक, पर्यवेक्षकों व चार्ज अधिकारियों के कार्य, पर्यवेक्षण व कानूनी शक्तियां इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### साजा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 8 लाख की स्वीकृति

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए साजा विधानसभा क्षेत्र में जनहित के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 8 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से धमधा विकासखण्ड के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में मंदिर परिसर विकास और अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत टेकापार में शीतला मंदिर के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 3 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धमधा नाका, दुर्ग के पास बैग में अवैध शराब रखकर बेचने वाले राम नगर उरला निवासी शैलेन्द्र सागरवंशी को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 30 पौवा देशी मसाला मदिरा को जब्त किया गया।

**पहल : संभाग आयुक्त और कलेक्टर ने चिन्हांकित स्थल का किया मुआयना**

# भिलाई में बनेगा थोक सब्जी मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग/भिलाई

भिलाई नगर में आकाशगंगा थोक सब्जी मार्केट के विकल्प के रूप में सुव्यवस्थित थोक सब्जी मार्केट का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक पहल शुरू हो गई है। संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह गुरुवार को नगर निगम भिलाई एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ चिन्हांकित स्थल राधिका नगर भिलाई, पुलिस थाना सुपेला के पीछे रिक्त मैदान का मौका मुआयना किए।

निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने अवगत कराया कि उक्त स्थान भिलाई निगम के अंतर्गत है। इसे पूर्व में साडा द्वारा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को आवासीय फ्लैट के लिए उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में उक्त स्थल निगम अंतर्गत है। इसे व्यावसायिक उपयोग के लिए परिवर्तित कर थोक सब्जी मार्केट के लिए विकसित किया जाना है। स्थल मुआयना के दौरान संभाग आयुक्त राठौर और कलेक्टर सिंह ने मौके पर चिन्हांकित स्थल के नक्शे में खसरे एवं रकबा का अवलोकन भी किया।

**खास बातें**

- व्यवस्थापन के संबंध में व्यापारियों से की रूबरू चर्चा
- पैदल भ्रमण कर वस्तुस्थिति का लिया जायजा
- निर्माणाधीन कार्यों का भी किया

**आकाशगंगा थोक सब्जी मार्केट पहुंचे संभाग आयुक्त और कलेक्टर**



### पार्किंग : क्रेता और व्यापारियों को होती है परेशानी

आकाशगंगा थोक सब्जी मार्केट में पैदल भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही, व्यापारियों से मार्केट की व्यवस्था एवं व्यवस्थापन के संबंध में चर्चा की। व्यापारियों ने बताया कि मार्केट अंतर्गत लगभग 456 बड़ी दुकानें एवं 300 के करीब छोटी व्यवसायिक दुकानें हैं। यहां प्रतिदिन प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र से बड़ी वाहनों में सब्जियां आयतित होती है। वहीं जिले के किसान भी छोटी गाड़ियों से अपनी सब्जियां यहां बेचने के लिए लाते है। प्रतिदिन सुबह 4 बजे से 10 बजे तक वाहनों के आगमन व अव्यवस्थित पार्किंग की वजह से व्यापारियों एवं क्रेताओं को परेशानियां झेलनी पड़ती है। उक्त मार्केट में अनेक दुकानें जर्जर अवस्था में है। साथ ही अवैध कब्जे के रूप में दुकाने संचालित की जा रही है। मार्केट से पानी निकासी का भी समुचित प्रबंध का अभाव है।

### निर्माणाधीन कार्यों का भी किया अवलोकन, समयावधि में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

संभाग आयुक्त और कलेक्टर ने भिलाई के प्रियदर्शिनी परिसर में निर्माणाधीन स्विमिंग पुल, स्केटिंग ट्रैक, नालंदा परिसर, हॉर्स राइडिंग ग्राउण्ड का भी अवलोकन किए। साथ ही, नेहरू नगर अंडरब्रिज से सुपेला अंडरब्रिज तक लगभग 3 किमी सर्विस लेन का भी निरीक्षण किए। उन्होंने निर्माण कार्यों में प्रगति लाने व समयावधि में कार्य पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, एसडीएम भिलाई महेश राजपूत और भिलाई निगम एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# शिक्षा के क्षेत्र में दुर्ग को बनाएं मॉडल जिला : यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सभाकक्ष में दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के प्रधान पाठक एवं प्राचार्यो की बैठक को प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेंद्र यादव ने सम्बोधित किया। यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में दुर्ग को मॉडल जिला बनाएं। इसमें दुर्ग जिले के प्रधान पाठकों-प्राचार्यो का विशेष योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों के मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक विकास के लिए शिक्षक लगनपूर्वक कार्य करें। स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में आवश्यक निर्माण कार्यों की स्वीकृति पश्चात अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। साथ ही निर्माण कार्य एजेंसी विभाग आरईएस के अधिकारियों को स्कूलों में समस्त निर्माण कार्य एवं रंग-रोगन कार्य ग्रीष्मकालीन अवकाश में पूर्ण कर लेने निर्देशित किया।

### 86 निर्माण कार्यों के लिए शासन से 5 करोड़ स्वीकृत

विधानसभा क्षेत्र के 68 विद्यालयों में 86 निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा लगभग 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने ने लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण अधिनियम प्रस्तुत होने पर सभी महिला प्रधान पाठकों-प्राचार्यो को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में नवाचार शिक्षा की जानकारी ली एवं शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने आवश्यक सुझाव दिए।

### स्कूलों में प्रवेशोत्सव 1 जून से प्रारंभ

स्कूलों में 1 जून से प्रवेश प्रारंभ कर 20 जून तक पूर्ण कर लिया जाए। सभी स्कूलों में कार्डलेस, लाउड स्पीकर और बैटरी आदि की व्यवस्था स्कूल मद में स्वीकृत राशि से कर ली जाए। स्कूल प्रारंभ होने पर राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, दीप, सरस्वती वंदना एवं गुरू मंत्र संबंधित ऑडियो बजाये जाएंगे, जिसे बच्चे दोहराएंगे। आगामी दिनों में सभी स्कूलों में महापुरूषों के जीवनी

### प्रतिमाह स्कूलों का करें मॉनिटरिंग

स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि प्राथमिक स्कूल के बच्चों को ईमला लिखने और बारहखड़ी का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल के प्रधान पाठक-प्राचार्य पढ़ाई पर पूरा फोकस करें। प्रति माह स्कूलों का मॉनिटरिंग किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर संस्था के प्राचार्य भी प्रति दिवस अलग-अलग कक्षा में एक-एक कालखण्ड की पढ़ाई कराना सुनिश्चित करें। साथ ही शिक्षकों से समन्वय बनाने नियमित बैठक एवं शिक्षा पर चर्चा करना सुनिश्चित करें। स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि सप्ताह के प्रत्येक शनिवार एक्टिविटी-डे होगा। इस दौरान बच्चों के लिए अनिवार्यतः पीटी, योगा, गॉडनिंग एवं खेलकूद आयोजित किये जाएंगे और स्थानीय सांस्कृतिक पर्व भी मनाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ प्रदेश की संस्कृति का भी ज्ञान बच्चों को होना चाहिए। इसके लिये शिक्षकों एवं प्राचार्यो को जागरूकता के साथ आगे आना होगा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा एवं विभाग के अन्य अधिकारियों सहित नगर के विभिन्न विद्यालयों के प्रधान पाठक एवं प्राचार्य उपस्थित थे।

# सीबीएसई दसवीं के परिणाम में ट्विनसिटी के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

### सीबीएसई में बीएसपी स्कूलों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, 97.40% परिणाम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के दो सीबीएसई संबद्ध वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों से 308 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित होकर 97.40 प्रतिशत का प्रभावशाली उत्तीर्ण परिणाम प्राप्त किया। इनमें से सेक्टर-10 स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एसएसएस-10) के 24 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। एसएसएस-10 के मेधावी विद्यार्थियों में नलिनी दडसेना ने 97.40%, दिव्या मिश्रा 96.80%, भास्कर सिदार 96.20%, तनिष कुमार साहू 96.20% तथा शोहम साहू ने 96.00% अंक हासिल किए। एसएसएस-10 ने 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज करते हुए 240 में से सभी 240 विद्यार्थियों उत्तीर्ण हुए, जिनमें 177 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। वहीं सेक्टर-7 स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 7 का परिणाम 88.24 प्रतिशत रहा, जिसमें 68 विद्यार्थियों में से 7 ने प्रथम श्रेणी अर्जित की।

### शकुन्तला विद्यालय रामनगर का उत्कृष्ट प्रदर्शन



शकुन्तला विद्यालय रामनगर भिलाई से 10वीं बोर्ड में 208 विद्यार्थी सम्मिलित हुए एवं परीक्षा परिणाम 98.6% रहा। आराधना जायसवाल ने 96.2% प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान, मिहिर गर्ग और अदिति पटेल 95.2% द्वितीय स्थान पर, आशीष कुमार साहू और रीना गायकवाड़ 94.6% के साथ तृतीय स्थान, सौरभ कुमार साव 93.6% चौथे स्थान पर, आर्यन पटेल 93% पांचवां स्थान प्राप्त किए। 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चित्राक्षी वर्मा 92.8%, यामिनी चंद्रा 92.6%, पलाश देवांगन 92.4%, सुप्रिया चैरसिया 92%, नील प्रेमचंदानी 91.4%, जीत कुमार शर्मा 91%, प्रियांशु कुमार चौधरी 90.8%, गुंजन साहू 90.4%, समीर पाण्डेय 90.4% के साथ शाला में स्थान प्राप्त किया है। डायरेक्टर संजय ओझा ने प्राचार्य विपिन कुमार, उपप्राचार्या और संबंधित शिक्षको को बधाई देते हुए अपने विद्यार्थियों और उनके पालकों की सराहना की। वहीं प्रबंधक ममता ओझा शारदा विद्यालय रिसाली और अन्य इंजार्च एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुये हर्ष व्यक्त किया।

### हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दुर्ग



हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दुर्ग के छात्रों का दसवीं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहा। कक्षा दसवीं की छात्रा भाविका मिश्रा 96.4%, दृष्टि हिवराड़े और प्रणव पटेल ने 94.6%,एकता सेन ने 92.4%, गायत्री साहू ने 90.4% ,हंसिका महिलाने और लव साहू ने 90% अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। शाला की एकेडमिक डायरेक्टर प्रिंसिपल दीप्ति तिवारी ने सभी उत्तीर्ण छात्रो को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। डायरेक्टर ऑपरेशन्स मनीष तिवारी, प्रबंधन समिति के निर्देशक बृजमोहन उपाध्याय, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा ने छात्रों की इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की वर्ष भर की मेहनत, अध्यापकों द्वारा दिए गए दिशा- निर्देश और अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया है।

### रुंगटा पब्लिक स्कूल



सीबीएसई बोर्ड में रूंगटा पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष कशिश खान 97.2%, पलक अग्रवाल 96.8%, आयुष चक्रवर्ती 94.6%, शुभ भूतरा 93.4%, स्वास्तिक साहू 92.2%, एसके आफाम 91.6%, खुशी सिंगल 91% और आस्था साहू 90.2% ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी है।

### मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम का रहा बेहतर परिणाम



रिसाली स्थित मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज करते हुए अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता को सिद्ध किया है। विद्यालय के छात्र ओम कुमार साहू ने 94.3% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। पूजा एवं डिम्पल द्विवेदी ने 93.4%, तुषार देशलहरा ने 93.2% तथा दिव्या वर्मा ने 93% अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर मैत्री एजुकेशनल एंड कल्चरल अकादमी की अध्यक्षा के राजम सुधाकरन, निदेशक एस सजीव, एस साजन, प्राचार्या डॉ. सजीता थंबी, उप प्राचार्या डॉ. बीना सजीव, प्रधान अध्यापक निशि साजन सहित समस्त विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### माइलस्टोन अकादमी

माइलस्टोन अकादमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यहां के छात्र अंश दत्त खोलिया ने 98.4% अंक, अथर्व अग्रवाल ने 97.4%, रितिक राज 97.2%, सोनिया नरेश 97%, एम प्रथमेश 96.8%, संस्कृति जेना 96.2%, द्रोण आदित्य साहू 95.4%, गर्व रहानदड़े 95.4%, आंचल कुशवाहा ने 95% अंक प्राप्त किया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. ममता शुक्ला , एकेडमिक डायरेक्टर शुभम शुक्ला और समस्त माइलस्टोन परिवार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10



श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं में एक बार फिर अपना परचम लहराया। 10 बच्चों ने 95% से अधिक अंक लाकर और 69 बच्चों ने 90 % से अधिक अंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। कक्षा 10वीं के आयुष प्रताप सिंह ने 99% प्राप्त कर प्रथम, अविरल राय ने 98.6% तथा कृतिका झा ने 97.6% प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। अंग्रेजी विषय में धीरज साहू ने 97 अंक, गणित विषय में आयुष प्रताप सिंह ने 99,विज्ञान विषय में आयुष प्रताप सिंह, अनुनय ताम्रकार और भार्गव बिसेन ने 98अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्राचार्य बिपिन देशमुख, उप प्राचार्य विजयन बी और सभी शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कृष्णा पब्लिक स्कूल दुर्ग



सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा परिणामों में कृष्णा पब्लिक स्कूल दुर्ग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। सात छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया है। विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले सम्राट सिंह राठौर ने 99% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके बाद दिव्यम देशमुख ने 96.6%, तेजस सोनी ने 96%, मोहनीश साहू ने 93%, सौरभ देशमुख 92.6%, पावनी देशमुख ने 92.4% और आयुष साहू ने 92.2% अंक प्राप्त किए। विद्यालय के डायरेक्टर मयंक शर्मा, प्राचार्या इति शर्मा ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

### एमजीएम पब्लिक स्कूल



एमजीएम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सभी मापदंडों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुल 75 छात्रों ने 10 वीं की परीक्षा दी और विद्यालय ने 100% परिणाम प्राप्त किया। इनमें से 14 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। लगभग 60% छात्रों ने डिस्टिंक्शन हासिल की और करीब 80% छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। मेरिट सूची में ईशिता बघड़े ने 97% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके बाद हार्दिक गुप्ता ने 96.4% के साथ दूसरा स्थान और इज़्मा खान ने 95.2% अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। ईशिता बघड़े ने संस्कृत विषय में पूर्ण अंक प्राप्त कर एक और उपलब्धि अपने नाम की, जो उनके विषय पर उत्कृष्ट पकड़ को दर्शाता है। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नालंदा इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल कुरुद



विद्यालय के कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें जयंत कुमार यादव ने 95.8%, प्रियंका साहू 94.2%, आदित्य राज सिंह 92.2%, आशीष कुमार वर्मा 92.2%, वासुपल्ली कुमार कार्तिक 91% तथा श्रेया देवांगन ने 90.8% के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल



**भिलाई।** गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-6, भिलाई के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय की छात्रा कामाक्षी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं गावड़ी प्रेम कुमार ने द्वितीय स्थान और खुशी मोहंती ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतिफल है। विद्यालय की प्रबंधन समिति, श्री गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### शारदा विद्यालय रिसाली का उत्कृष्ट प्रदर्शन



सीबीएसई बोर्ड में शारदा विद्यालय रिसाली ने उत्कृष्ट परीक्षाफल दिया है। इस विद्यालय से 131 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। शाला का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। रूनल चंद्राकर 96.6% प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान पर रही। इसी के साथ लक्ष्मी पात्रो 96% द्वितीय स्थान पर और रितिका चंद्राकर 95% प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। चतुर्थ स्थान पर नेत्रा हुई 94.6%, पांचवे स्थान पर आरना अग्रवाल 93.6%, छठवें स्थान पर साफिया 93%, सातवें स्थान पर अनामिका सा%, आठवें स्थान पर किरण साहू 90.4%, नौवें स्थान पर इशिनका भोई और योगिता मंडावी 90.2% अंक प्राप्त कर शाला को गौरवांवित किया है। शकुन्तला ग्रुप आफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने प्राचार्य और संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।


दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध

**श्रीमति वैदेही शर्मा**

माँ कामख्या उपासक

फीस 251/-



श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, सतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।

माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851

पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग

समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक


!! न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)!!

**उदघोषणा**

202604103000005/अ-6/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकः- सौरभ राजपूत पिता स्व. लक्ष्मण सिंह निवासी - मकान नं. 231, वार्ड नं. 18 जवाहर नगर दुर्ग, तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा - मचान्दूर प.ह.नं. 58 रा.नि.मं. उतई स्थित भूमि खसरा नं. 258, 262, 273, 902, 1031, 1034 रकबा क. 1.41, 0.20, 0.96, 0.75, 0.75, 0.57 हे. कुल खसरा नं. 06 कुल रकबा 4.6400 हे. लगान 23.11 रू भूमि भूमिस्वामी कोमलसिंह पिता खेदू सिंह व अन्य 11 के नाम से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के दादा, कोमल सिंह ठाकुर की मृत्यु दिनांक 31/08/2024 को हो चुका है। कोमल सिंह ठाकुर के विधिक वारिसान पूर्व से सहखातेदार के रूप में दर्ज है। आवेदक के दादा कोमल सिंह ठाकुर का नाम विलोपित कर सहखातेदारो का नाम यथावत रखे जाने आवेदन पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/04/2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 02/04/2026 को यह उदघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

!! न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)!!

**उदघोषणा**

e-202604103000035/
अ-74/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक यशवंत सिंह पिता अजित सिंह पता ग्राम पुरई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा पुत्र विक्रम सिंह राजपूत छ.ग. पुलिस आरक्षक क्रमांक- 776 जिसकी मृत्यु 04/05/2025 को हो गई है पिता यशवंत सिंह उम्र 61 वर्ष एवं माता सरोज ठाकुर उम्र 50 वर्ष है जो कि पूर्णरूपेण पुत्र पर आश्रित थे उनके मृत्यु के बाद कोई सहारा नही है। आश्रिता प्रमाण पत्र प्रदान करने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21/4/26 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15/04/2026 को यह उदघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**



## बाफना ने किया ताम्रकार का सम्मान

**धमधा।** पूर्व संसदीय सचिव एवं साजा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना का धमधा आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के सबसे पुराने कार्यकर्ता वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप ताम्रकार का गमछा पहनाकर स्वागत किया। ज्ञात हो कि प्रदीप ताम्रकार 1980 में भारतीय जनता युवा मोर्चा धमधा मंडल के प्रथम अध्यक्ष बने थे। लाभचंद बाफना ने उनका सम्मान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ईमानदारी और निष्ठा की मिसाल बने हुए हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र भट्ट, सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू, पत्रकार सुधीर ताम्रकार, दूलेश्वर साहू, रुपम ताम्रकार, शेर सिंह सोनकर और नरेश सोनकर के साथ कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती



**अंडा।** ग्राम पंचायत अंडा में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव के सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उपसरपंच यशवंत बंजारे व पंचगण डा चेलक,गोलू चन्द्राकर, गोपाल साहू,तेज चौहान, भाजपा कार्यकर्ता महिला विजय लक्ष्मी कनौजे सहित जनप्रतिनिधि युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अंडा में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया और उनके इस नेक कार्य की सराहना की गई। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने 'सरपंच संवाद' में की चर्चा

# अवैध शराब विक्रय को लेकर मुखर रहे सरपंच, विकास में देरी का मुद्दा भी उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

**जिला पंचायत अध्यक्ष से साझा की क्षेत्र के विकास की बात**



संवाद से समाधान तक "सरपंच संवाद 2026" का आयोजन जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे के नेतृत्व में गुरुवार को दुर्ग विकास खण्ड के बासीन जामुल में किया गया। जिसमें श्रीमती बंजारे के निर्वाचन क्षेत्र जिला पंचायत क्रमांक 4 की अंतर्गत आने वाले 32 ग्राम पंचायतों के सरपंच शामिल हुए।

बैठक में जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र-क्रमांक -4 के ग्राम पंचायत के सरपंचगण एक मंच पर आकर अपने विचार, अनुभव एवं सुझाव साझा किए एवं अपने क्षेत्र की जनसमस्यों को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बंजारे के समक्ष रखी1 सरपंचों ने अपने-अपने ग्राम पंचायत में आने वाली समस्याओं खास तौर पर अवैध शराब विक्रय को लेकर मुखर रहे1 इनके साथ ग्राम में हो रहे अवैध अतिक्रमण, मनरेगा कार्य में लगे मजदूरों के पेमेंट में लेट लतीफी, पेयजल की समस्या, निकासी नाली आदि समस्याओं के साथ-साथ ग्राम पंचायत के सचिवों पर सरपंचों का सहयोग न करने की बात सामने आई तथा कई सरपंचों ने धमधा जनपद सीईओ से सचिवों का शिकायत करने पर सरपंचों का सहयोग नहीं करने की बात सामने आई1 जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बंजारे ने सभी सरपंचों की बात को गंभीरता से सुना वह आश्वासन दिया कि प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर विभागीय अधिकारियों से मिलकर व चर्चा कर किया जाएगा1 ग्राम पंचायत नरधा के सरपंच रानू वर्मा ने बाबा रूखड़नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण का मुद्दा उठाया। इस पर श्रीमती बंजारे ने जानकारी दी की संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल से चर्चा हुई है व मंत्री ने आश्वासन दिया है कि इसे शीघ्र ही छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन स्थल बनायेगे. ताकि मंदिर को हनुमान भक्तों के लिए एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित हो1

सरपंच संवाद 2026 संवाद से समाधान कार्यक्रम के बैठक में प्रमुख रूप से नारधा सरपंच रानू वर्मा, कपसदा सरपंच भूपेंद्र कंवर, ओंटेबंद सरपंच निर्मला बुधराम साहू, गोढी सरपंच अन्नपूर्णा गोपी साहू , अछोटी सरपंच हीरालाल मारकंडे ,मोंहदी सरपंच सच्चिदानंद बब्बन शर्मा , बोरसी सरपंच साधना साहू , कंडरका सरपंच सीमा चुरेन्द्र, पचदेवरी सरपंच हेमंत कुमार रोशन और मालपुरी सरपंच नमिता शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 6 माह के बाद बच्चों को पौष्टिक पूरक आहार देना बेहद जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

- वार्ड क्रमांक 04, केंद्र क्रमांक 02 में अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न

नगर पंचायत पाटन अंतर्गत वार्ड क्रमांक 04 (अखरा) के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में अन्नप्राशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 6 माह पूर्ण कर चुके शिशुओं के लिए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य माताओं को स्तनपान के साथ-साथ पूरक (ऊपरी) आहार प्रारंभ करने के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत पाटन की सभापति एवं वार्ड क्रमांक 04 की पार्षद नेहा बाबा वर्मा के करकमलों शिशुओं को खीर खिलाकर प्रथम अन्न ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर श्रीमती वर्मा ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा, "बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 6 माह के बाद पौष्टिक पूरक आहार अत्यंत आवश्यक है। माताएं अपने बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार दें और उनके स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहें।"

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता कश्यप एवं सहायिका पूर्णिमा सिन्हा द्वारा भी पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित पालकों—सती साहू, त्रिवेणी विश्वकर्मा, तनुजा, रमशीला कौशिक, नीतू, पल्लवी वर्मा एवं सुनीता कौशिक ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्था, स्टाफ की कमी और अटकी पदोन्नति से कर्मचारियों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने का कर्मचारियों ने लगाया आरोप

चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में जो मुद्दे सामने आए, उन्होंने कॉलेज की जमीनी हकीकत उजागर कर दी। स्टाफ की भारी कमी, वर्षों से लंबित पदोन्नति और बदहाल सड़क जैसी समस्याओं ने कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं।

बैठक में कर्मचारियों ने साफ तौर पर कहा कि मेडिकल कॉलेज में मैनपावर की स्थिति बेहद खराब है। जरूरी पद खाली पड़े हैं, जिससे काम का दबाव बढ़ता जा रहा है और सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। हालात ऐसे हैं कि कई विभाग सीमित स्टाफ के सहारे चल रहे हैं। पदोन्नति का मुद्दा भी लंबे समय से अटका हुआ है।

कर्मचारियों में इस बात को लेकर गहरा असंतोष है कि समय पर विभागीय पदोन्नति नहीं हो रही। इससे न सिर्फ मनोबल गिर रहा है, बल्कि कार्यप्रणाली पर भी असर पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति कॉलेज तक पहुंचने वाली सड़क की बताई गई। कर्मचारियों ने कहा कि सड़क इतनी खराब है कि बारिश के मौसम में आवागमन लगभग ठप हो जाता है। कच्ची और जर्जर सड़क पर हर मौसम में चलना मुश्किल है, जिससे मरीजों, छात्रों और स्टाफ को रोजाना जोखिम उठाना पड़ता है।

**बनाते हैं आवश्यक दबाव**

बैठक में यह भी आरोप लगे कि कुछ वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और अनावश्यक दबाव बनाते हैं। इससे कार्यस्थल का माहौल प्रभावित हो रहा है। इन गंभीर समस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने डीन डॉ. तृप्ति नागरिया को ज्ञापन सौंपा। हालांकि डीन ने मैनपावर की कमी स्वीकार करते हुए कुछ पदों पर भर्ती और आउटसोर्सिंग की बात कही, लेकिन कर्मचारियों का मानना है कि अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते हैं, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महामंत्री सैय्यद असलम, नर्सिंग कैडर की प्रांतीय पदाधिकारी श्रीमती जैकलीन डान, जिला संयोजक श्रीमती मंजू राय, सुपेला अध्यक्ष सरिता गुप्ता, जिला महामंत्री लक्ष्मीकांत धोटे, जिला सचिव खिलावन चंद्राकर, जिला अस्पताल दुर्ग अध्यक्ष राघवेंद्र साहू, संगठन सचिव रोशन सिंह, धनीराम ठाकुर, मुकेश शर्मा, योगेश ठाकुर, बालकृष्ण तिवारी, संध्या एस भेलवा, नेहा चंद्राकर, डेमन डोडे, संतोष, चैन सिंह चंद्राकर और सुरेश सहित कई कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर, फुले व ढीढी को याद किया ग्रामीणों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद




- फुण्डा में सम्मानित हुए पाटन तहसील क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थी और उनके पालक

सतनामी आसरा पाटन एवं ग्रामवासी फुण्डा के संयुक्त तत्वावधान में 15 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर, ज्योतिबा फुले व नकुल देव ढीढ़ी जयंती एवं सम्मान समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वक्ता विनोद कोसले ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सभी भारतीयों के हितचिंतक थे। उन्होंने कहा कि देश के सभी वर्गों के समुचित विकास के लिए आरक्षण समाजवाद समता सम्मान व न्याय जरूरी है।

अध्यक्षता करते हुए डॉ भूपेन्द्र कुलदीप कुलसचिव हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग ने अपील की कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर व ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरित होकर अपने बच्चों को शिक्षा के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करते हुए समाज में बंधुत्व के साथ राष्ट्र के विकास में भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण हेतु प्रथम जेल सत्याग्रही व गुरू घासीदास जयंती के जन्मदाता संत नकुल देव ढीढ़ी के योगदान को भी अतिथि वक्ताओं ने स-सम्मान याद किया गया। इस दौरान शिक्षा के माध्यम से अधिकारी व नवोदय विद्यालय बोरई में चयनित होने वाले बच्चों व उनके पालकों को भी पाटन विकासखण्ड को गौरवान्वित करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान संविधान विशेषज्ञ विनोद कुमार कोसले ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर महापुरुषों के विचारों, संविधान के प्रावधान, सुप्रीम कोर्ट - हाई कोर्ट के जजमेंट,कार्य पालिका की भूमिका व जमीनी स्तर पर हकीकत से रूबरू कराते हुए तथ्यों के आधार पर शोध पुस्तिका न्याय का इंतजार का वितरण किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि देवेंद्र चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य पाटन, उषा सोने जिला पंचायत सदस्य धमधा, आनंद बघेल जनपद सदस्य और कुलेश्वर रोशन वर्मा सरपंच थे। इस दौरान अमोलदास टंडन, पूर्व अनुसूचित जाति प्राधिकरण सदस्य दिनेश टंडन,सांवत राम बांधे,ओम टंडन, राजेन्द्र मारकण्डे, सीताराम आदि उपस्थित थे।

**मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती**



**जामुल।** भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती वार्ड-2 विश्वकर्मा चौक में मनाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से भिलाई जिला एस सी मोर्चा प्रभारी प्रवक्ता चंद्रप्रकाश मांडले, रायपुर संभाग किसान मोर्चा के प्रभारी रेखराम बंछोर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, जिला भिलाई सह कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, मंडल महामंत्री ओम प्रकाश साहू ध्रुव देवांगन,वार्ड नंबर 5 पार्षद दीपक गुप्ता, मंडल मंत्री अनुपमा देवी, कोषाध्यक्ष सुभाष पांचाल, मीडिया प्रभारी संजय यादव, एस सी मोर्चा अध्यक्ष बी आर रामटेके, महिला मोर्चा अध्यक्ष योगिता साहू, सह कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश साहू, पूर्व महामंत्री नूतन वर्मा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण क्षत्रिय, एस टी मोर्चा दउवा राम ठाकुर, पूर्व पार्षद संतोष ठाकुर, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ देवनाथ यादव, सरस बर्मन, बजरंग सिन्हा, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, रामकृष्ण साहू, पूर्व उपाध्यक्ष दीपक सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता हेमंत विश्वाल, मंगल दास कुर्रे, खिलावन साहू, राम निर्मलकर, सैफुद्दीन, बिंदिया पटेल, हेमलता साहू आदि उपस्थित थे।

**निधन**

## डॉ. नारायण स्वामी मिश्रा



**दुर्ग।** वरिष्ठ पशु चिकित्सक दुर्ग निवासी डॉ. नारायण स्वामी मिश्रा 93 वर्ष का निधन 14 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 अप्रैल को वाराणसी (बनारस) में किया गया। वे शशि दुबे सेवानिवृत्त प्राचार्य दुर्ग, विजय मिश्रा सेवानिवृत्त प्रबंधक, छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग, रायपुर तथा इंदु मिश्रा म.बा.वि.वि. दुर्ग के पिता और डॉ. ईशान दुबे और डॉ. शुभम दुबे के नाना थे।

## सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड विचक्षण जैन विद्यापीठ का उत्कृष्ट परिणाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

कुम्हारी स्थित विचक्षण जैन विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण को दर्शाती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में दिव्यांश चोपड़ा (94.0 प्रतिशत), अक्षत जैन (93.2 प्रतिशत), नमन जैन (93.0 प्रतिशत), सुहानी चोपड़ा (89.4 प्रतिशत), मौलिक भंसाली (88.4 प्रतिशत), प्रक्षल जैन (86.8 प्रतिशत), दिव्यांश झा (86.4 प्रतिशत), विधि जैन (85.8 प्रतिशत), जैनम बाफना (84.8 प्रतिशत) एवं सौम्या जैन (83.8 प्रतिशत) शामिल हैं।

इन उपलब्धियों के अलावा जो सबसे महत्वपूर्ण है वह है कि विद्यार्थी दिव्यांश चोपड़ा ने संस्कृत एवं प्रक्षल जैन ने गणित में 100 से पूरे 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेंगे।



## मासूम से दुष्कर्म के विरोध में समाज उतरा सड़क पर, निकाली मशाल रैली

- मशाल रैली निकालकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**उतई।** दुर्ग जिले के उतई नगर में 5 साल की मासूम बच्ची के साथ हुए अनाचार के मामले को लेकर जनआक्रोश बढ़ता जा रहा है। घटना के विरोध में नगर साहू समाज एवं सर्व छत्तीसगढ़िया समाज ने एकजुट होकर कड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए मिशाल रैली निकाली। गुरुवार शाम 6 बजे बंजारी मंदिर में सभी समाज के लोग एकत्रित हुए, जहां से थाना उतई तक मशाल रैली निकाली गई । इसके बाद मिनी माता चौक पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें आरोपी को फांसी या कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गई। इस दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत उतई अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू,पार्षद सोनू राजपूत, डिकेंड हिरवानी, सतीश, क्रांति सेना अध्यक्ष ऋषि साहू और बीजेपी मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत आदि शामिल थे।

## दीपशिखा विद्यालय में हुआ विद्यारंभ संस्कार



**उतई।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में विद्या आरम्भ संस्कार का कार्यक्रम महिला युवा मंडल रचनात्मक प्रकोष्ठ गायत्री परिवार उतई द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्री प्राइमरी के जी वन के जी टू क्लास 1, 2 से 140 बच्चों का विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ संस्कार पूर्ण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के आर सिन्हा कार्यक्रम की सराहना करते हुए आभार प्रदर्शन किए। कार्यक्रम का संचालन जोहन साहू युवराज साहू, गोदावरी साहू, सरस्वती साहू, दानेश्वरी देशमुख, अरुणा साहू, चंद्रिका साहू, प्रभा साहू ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ प्रधान पाठक शरणजीत कौर, उपप्रधान पाठक एस आर सेन एवं संबंधित शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किए।

**दावा-आपत्ति**

दिनांक 14/04/2026

मैं अनिल अग्रवाल पार्टनर- मितल इन्फ्राकाम पता- 11, मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा श्री विजय कुमार साहू पिता हरिराम साहू उम्र-56 साल निवासी- कोहका भिलाई से जमीन क्रय कर रहा है। जिसका विवरण खसरा क्र. 151/13 ग्राम-कातुलबोड़, जिला-दुर्ग में प्लाट क्र. 1, 2 और 9 है, इसमें किसी भी व्यक्ति या संस्था जैसे की बैंक, NBRC की अगर कोई दावा-आपत्ति है तो इस नम्बर पर सूचना प्रदान करें।

नम्बर- 99261-23424, 94252-46226

M/S. MITTAL INFRACON
PARTNER

### सरपंच संघ अध्यक्ष ने भाजपा सरकार का जताया आभार

# धौराभाठा में नई सोसायटी का हुआ वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धौराभाठा में नवीन सोसायटी के गठन पर सरपंच संघ अध्यक्ष विनय चंद्राकर ने भाजपा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

15 अप्रैल को भगवान बलराम एवं छत्तीसगढ़ महतारी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समिति का विधिवत शुभारंभ किया गया। श्री चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय स्तर पर इस नई समिति का गठन किया गया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही खाद-बीज वितरण एवं धान खरीदी के समय भी किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल के प्रति आभार प्रकट किया है।

**पेंड्री में भी शुभारंभ**



**धमधा।** कृषकों की सुविधा एवं आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए नवगठित सेवा सहकारी समिति मर्यादित पेंड्री का वर्चुअल उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित सिंह राजपूत (जिलाध्यक्ष, किसान मोर्चा), संतोष निर्मलकर (प्राधिकृत, रहटादाह), जे. के. साहू (शाखा प्रबंधक, जेएसकेबी धमधा) तथा संजय दिल्लीवार (सुपरवाइजर, जेएसकेबी धमधा) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठ कृषकों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर समिति के गठन का स्वागत किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने बैठक

**भिलाई।** ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर और नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई में ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें एसएसपी विजय अग्रवाल ने जिले में सुचारू, सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी और सख्त कार्रवाई की जाए। नेशनल हाईवे एवं प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने, अवैध पार्किंग हटाने, सड़क किनारे अतिक्रमण समाप्त करने और हादसों के संभावित स्थलों पर आवश्यक सुधार कार्य करने को कहा गया है। बिना हेलमेट, शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने पर जोर दिया। कुम्हारी टोल प्लाजा में अन्य प्रमुख स्थानों पर खड़े अनावश्यक अवैध वाहनों को हटाने, नेशनल हाईवे पर बने अवैध कटिंग को चिन्हित कर बंद करने व आगामी सड़क सुरक्षा बैठक के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### वार्ड 21 कैलाश नगर में घटिया नाली निर्माण करने का मामला

# घटिया निर्माण पर बड़ी कार्रवाई : गौरी बिल्डर्स को निगम करेगा ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खबर का असर

भिलाई नगर निगम के आयुक्त राजीव पाण्डेय ने घटिया निर्माण करने वाले गौरी बिल्डर्स के ठेकेदार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने का फैसला लिया है। गुणवत्ता समीक्षा बैठक के दौरान ठेकेदार द्वारा वार्ड 21 कैलाश नगर में बन रही घटिया नाली निर्माण का मुद्दा उठा। हरिभूमि की खबर और कार्य पालन अभियंता की रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए आयुक्त राजीव पाण्डेय ने निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने का निर्देश दिया है।

आपको बता दें कि भिलाई नगर निगम के जोन 2 द्वारा मुख्य मंत्री नगरोत्थान योजना से कैलाश नगर वार्ड 21 में 46 लाख रुपए की लागत से महावीर मार्ग का सीमेंटीकरण और नाली निर्माण कराया जा रहा है। निगम ने यह ठेका मेसर्स गौरी बिल्डर्स को दिया है। ठेकेदार द्वारा अभी वहां नाली का निर्माण किया जा रहा है। उसने अपने कर्मचारियों से नाली के लिए बनने वाले लोहे की जाली को 4 फिट की दूरी में रॉड बांधने का निर्देश दिया है। जब वहां जाकर मिस्त्री से पूछा गया तो उसने कहा 4 दूरी में रॉड बांधने से नाली तुरंत टूट जाएगी, इसलिए वो लोग दो-दो फिट की दूरी में रॉड को बांधकर नाली की सीमेंट से ढलाई कर रहे हैं। इतना ही नहीं जोन दो के कार्यपालन अभियंता ने भी ठेकेदार को नाली तोड़कर फिर से निर्माण करने के लिए दो बार नोटिस जारी किया, लेकिन वो निर्माण मनमाने तरीके से कर रहा था। इसे देखते हुए कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा ने अंतिम नोटिस जारी करते हुए ठेका एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने की अनुशंसा की। आयुक्त ने उसके खिलाफ ब्लैक लिस्ट करने का निर्देश दे दिया है।

### अन्य निर्माणों की जांच कर हो सकती है कार्रवाई




आयुक्त के लगातार दौरे के बाद भी ठेकेदार कर रहे लोहा सीमेंट की घड़ल्ले से चोरी

46 लाख की सड़क नाली में बड़ा भ्रष्टाचार, सच्चाई उजागर हुई तो ईई ने नोटिस जारी कर की खानापूर्ति

### घटिया निर्माण के निरीक्षण आयुक्त को रखा जाता है दूर

भिलाई नगर निगम के आयुक्त राजीव पाण्डेय ऐसे अधिकारी हैं, जो हर दिन सुबह मॉर्निंग वॉक निरीक्षण के साथ करते हैं। उनकी हर निरीक्षण की खबर भी पीआरओ द्वारा जारी की जाती है, लेकिन अधिकारी भी इतने चतुर हैं कि आयुक्त को वहीं निरीक्षण के लिए जाते हैं, जहां कुछ सही काम होता है। लीपापोती वाली जगह आयुक्त को पता ही नहीं चलती है।

### तोड़कर फिर से नई एजेंसी करेगी काम

गौरी बिल्डर्स को ब्लैक लिस्ट करने के बाद निगम फिर से नई एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी देगा। इससे पहले अब तक हो चुके नाली निर्माण को तोड़ा जाएगा। उसके बाद नई एजेंसी फिर से वहां नया गुणवत्ता और निगम के नॉम्स के साथ निर्माण करेगी।

### बिना इंजीनियर्स की निगरानी के हो रहा था काम

जब इस मामले की जानकारी भिलाई नगर निगम की जोन आयुक्त याशा लहरे, पीआरओ और कार्यपालन अभियंता और इंजीनियर्स से पूछा गया तो सभी ने हाथ खड़े कर दिए और जानकारी होने से मना कर दिया। इससे साफ है कि इतने बड़े निर्माण की मॉनीटरिंग जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा नहीं की जा रही है।

### नहीं लगाया गया था सूचना बोर्ड

पीडब्ल्यूडी नॉम्स के मुताबिक कोई भी निर्माण करने से पहले ठेकेदार को साइट में एक बोर्ड लगाना पड़ता है, जिसमें निर्माण, उसकी लागत और ठेकेदार व अधिकारियों के नंबर सहित जानकारी दी जाती है। इससे यदि निर्माण में कोई गड़बड़ी होती है तो स्थानीय जनता ठेकेदार या अधिकारी से इसकी शिकायत कर उस कमी को दूर करा सकते हैं, लेकिन यहां ठेकेदार ने कोई बोर्ड नहीं लगाया था।

# विधायक देवेंद्र यादव ने सुनी जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- समस्याओं का जल्द निराकरण का दिया आश्वासन

सेक्टर-5 स्थित विधायक देवेंद्र यादव कार्यालय में भेंट-मुलाकात के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक ने एक-एक कर सभी की बात सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सेक्टर-3 और वार्ड-43 बापूनगर के रहवासियों ने गंदे पानी की गंभीर समस्या से अवगत कराया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि लंबे समय से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने तत्काल जिला कलेक्टर से फोन पर चर्चा कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिलवाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम क्षेत्र, ग्रामीण इलाकों सहित विभिन्न वार्डों से आए लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, सफाई, आवास सहित अन्य समस्याएं रखीं। विधायक ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

कार्यक्रम के बाद विधायक बापूनगर स्थित गुरुद्वारा पहुंचे, जहां प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गुरुद्वारे में मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की तथा संगत के साथ समय बिताया।




## विधायक देवेंद्र पर एमएमएस मामले की जांच में सहयोग न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



साल 2023 में वायरल हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से जुड़े कथित एमएमएस की जांच दुर्ग पुलिस हैदराबाद या गुजरात लैब से कराएगी। इसके लिए पुलिस ने विधायक देवेंद्र यादव का वीडियो शूट कर जांच के लिए लगने वाली मिलान सामग्री को जल्द वहां भेजेगी। भिलाई नगर पुलिस का कहना है कि उन्होंने विधायक को 7 से अधिक नोटिस थाने आने के लिए दिया था। इसमें कई नोटिस का जवाब उन्होंने नहीं दिया, उसके बाद नोटिस को स्वीकार किया और थाने आकर अपना पक्ष रखा।

देवेंद्र यादव के इस मामले को लेकर भाजपा नेता राजेंद्र अरोरा ने आरोप लगाया है कि एमएमएस की जांच को लेकर देवेंद्र यादव सहयोग नहीं कर रहे हैं और इस पूरे मामले में सिर्फ घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा अगर विधायक को जांच एजेंसियों पर भरोसा होता, तो वे समय पर पुलिस के सामने पेश होकर अपना बयान दर्ज क्यों नहीं करा रहे हैं। देवेंद्र यादव ने भिलाई नगर थाने में जाने के दौरान मीडिया में कहा था कि पुलिस ने उन्हें समय पर नोटिस नहीं भेजा, इसलिए वो थाने नहीं पहुंचे। इसको लेकर भाजपा नेता का कहना है कि पुलिस ने उन्हें 8 बार नोटिस भेजा है। 9वीं नोटिस में वो अपना पक्ष रखने पहुंचे इससे साफ होता है कि वो जांच में मदद नहीं कर रहे हैं। इस पर विधायक देवेंद्र यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें जांच एजेंसी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा नेता राजेश मूणत से जुड़े कथित एमएमएस की जांच सीबीआई से कराई गई थी तो उनसे जुड़े वीडियो की भी जांच सीबीआई से भाजपा क्यों नहीं करा रही है।

### क्या है पूरा मामला

विधानसभा चुनाव के दौरान 2023 में एक एमएमएस वीडियो वायरल हुआ था। उसमें भाजपा नेताओं के द्वारा आरोप लगाया गया था कि वीडियो में महिला के साथ दिख रहा युवक विधायक देवेंद्र यादव है। इसके बाद अगस्त 2024 में विधायक के प्रतिनिधि ने भिलाई नगर थाने में मामले को लेकर एक एफआईआर दर्ज कराई और जांच की मांग की थी। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया के सामने बयान दिया था कि वीडियो में दिख रहा युवक उनके जैसा दिख रहा होगा, लेकिन वो उसमें नहीं है। उनको चुनाव हराने के लिए साजिश रची जा रही है।

### जांच रिपोर्ट अभी तक नहीं हुई पूरी

विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया में एक जांच रिपोर्ट दिखाई थी कि फोरेंसिक लैब की जांच में यह पाया गया है कि वीडियो में दिख रहा युवक वो नहीं हैं। इसके आरोप में भाजपा नेता का कहना है कि अभी जांच पूरी नहीं हुई है। वीडियो साक्ष्य मिलान के लिए लैब भेजे जाएंगे उसके बाद फाइनल रिपोर्ट में यह पता चलेगा कि एमएमस में दिख रहा युवक कौन है।

## भीषण गर्मी के चलते स्कूलों का समय बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब जिले के सभी शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों का संचालन सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक किया जाएगा।

आदेश में बताया गया है कि भारत सरकार एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत लू से बचाव के लिए यह निर्णय लिया गया है।

कलेक्टर दुर्ग के निर्देशानुसार यह समय परिवर्तन अप्रैल माह के लिए तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूल प्रबंधन को निर्देशित किया है कि वे लू से बचाव संबंधी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें और विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

### कनौजिया स्वर्णकार समाज की कार्यकारणी का गठन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वर्णकार (सोनार ) समाज प्रदेश अध्यक्ष तारकेश्वर स्वर्णकार और सचिव भागवत सोनी ने अपनी कार्यकारणी का गठन किया है। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सोनी, उपाध्यक्ष शंकर सोनी, गोपाल सोनी, हेमराज सोनी, संतोष सोनी, सहसचिव चन्द्रशेखर सोनी, दिनबंधु सोनी, शिव सोनी, कोषाध्यक्ष अनिल सोनी, प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य सेवाराम सोनी, विरेन्द्र स्वर्णकार कानूनी सलाहकार भरत सोनी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी संजू सोनी, ओंकार सोनी और कार्यकारिणी सदस्यों में रवि सोनी, रुपेश सोनी, शांतनु सोनी, कृष्ण कुमार सोनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।





### गैरेज में खड़ी कार में अचानक लगी आग

**भिलाई।** गैरेज में खड़ी एक कार में अचानक आग लगने से आसपास में अफरा तफरी मच गई। घटना की जानकारी रगने पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। मिली जानकारी के मुताबिक हुडको स्थित क्षेत्र में शाम गैरेज में खड़ी कार पानी टंकी के पास बने एक गैरेज में आग लग गई। आग के चलते आसपास धुंआ फैल गया। भीषण आग से गैरेज के भीतर का सारा हिस्सा जल गया। खड़ी कार कुछ ही देर में धू-धू कर जलने लगी।

घटना की खबर लगते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरु किया। काफी देर तक पानी की बौछार करने के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के बाद बगल के गैरज भी चपेट में आ गए थे। जिसे दमकल की टीम ने कंट्रोल किया।






हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

बेसिक कुर्ते से भी क्रिएट किया...

## लाइव इवेंट

### दुर्ग पुलिस का ड्रग्स जागरूकता अभियान, गोपनीय सूचना की हेल्पलाइन नं 1933 जारी



**भिलाई।** नशा उन्मूलन के लिए दुर्ग पुलिस द्वारा गुरुवार को जवाहर मार्केट पावर हाउस में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में व्यापारियों और आम नागरिकों को ड्रग्स के दुष्प्रभावों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि नशा समाज और युवाओं के भविष्य को बर्बाद करता है, इसलिए इसे रोकना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर दुर्ग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। यदि व्यापारी और नागरिक जागरूक होकर सहयोग करें, तो नशा उन्मूलन अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जा सकता है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि व्यापारी समाज को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। यदि हम सब मिलकर जागरूकता फैलाएं, तो समाज को नशामुक्त बनाने में बड़ी सफलता मिलेगी। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र ने कहा कि नशा उन्मूलन के लिए हर वर्ग को आगे आना होगा। यह केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। व्यापारी वर्ग और नागरिकों को मिलकर इस अभियान को मजबूत करना होगा। चेयरमेन दिनकर बासोतिया ने कहा कि नशा समाज की जड़ों को कमजोर करता है। इस अभियान से व्यापारियों और युवाओं में जागरूकता बढ़ेगी और हम सब मिलकर सुरक्षित वातावरण बना पाएंगे। इस अवसर पर हेल्पलाइन नंबर 1933 की जानकारी भी दी, जिस पर ड्रग्स से जुड़ी कोई भी सूचना गोपनीय रूप से दी जा सकती है।

● हजार से ज्यादा लोगों की मौजूदगी में संस्कृति, संगीत और स्वाद का दिखा अनोखा संगम

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बंगाली नववर्ष पोइला बोइशाख, गायक प्रणय ने सुमधुर गीतों से बांधा समां

**बंगाली समुदाय के लोगों ने बुधवार को को पोइला बोइशाख बंगाली नववर्ष धूमधाम से मनाया गया। भिलाई बंगाली समाज द्वारा ओपन एयर थियेटर सिविक सेंटर भिलाई में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में लोग अपने परिवार के साथ उपस्थिति दर्ज कराते हुए नए-पुराने गीतों के साथ बंगाली नववर्ष का सेलिब्रेशन किए। इस दौरान कैलेंडर का भी वितरण किया गया। आयोजन में करीब 4 हजार लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को बंगाली कैलेंडर का भी वितरण किया गया।**




**भिलाई।** कार्यक्रम की शुरूआत भिलाई बंगाली समाज के संरक्षक मानव सेन, अध्यक्ष सुप्रोभात पाल, पूर्व अध्यक्ष डीके दत्ता व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती देवी की पूजा अर्चना कर की गई। ओपन एयर थियेटर में आयोजित कार्यक्रम में सुपर सिंगर सीजन-3 के विजेता, सारेगामापा फेम प्लेबैक सिंगर प्रणय मजूमदार ने अपने टीम के साथ सुमधुर नए व पुराने हिंदी और बांग्ला गीतों की प्रस्तुति दी। एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से गायक प्रणय ने अपने सुमधुर आवाज से लोगों का दिल जीता। लोग एक-दूसरे को नए साल की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए जश्न मनाया। मंच संचालन राजदीप सेन ने किया।



### लगाई गई थी लीजेंड ऑफ बंगाल की गैलरी

आयोजन स्थल पर बंगाल के इतिहास और संस्कृति से जुड़ी लीजेंड ऑफ बंगाल नाम से एक गैलरी भी बनाई गई थी। इसमें अपने कर्म, साहस, भक्ति, त्याग एवं तेज से बंगाल व देश को गौरवशाली बनाने वाले लोगों की जीवन परिचय प्रदर्शित की गई थी। इसमें चैतन्य महाप्रभु, रानी रासमणी, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर, राजा राम मोहन राय, रबिन्द्र नाथ ठाकुर, रामकृष्ण परमहंस, सर आशुतोष मुखर्जी, राजेन्द्र नाथ मुखर्जी, शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय, जगदीश चन्द्र बोस, स्वामी विवेकानंद, मन्ना डे, सत्यजीत रे, मृणाल सेन आदी की जीवन परिचय को दर्शाया गया।





### संगीत संग स्वाद का संगम

बंगाली नववर्ष के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में संस्कृति और स्वाद का अनोखा संगम देखने को मिला। आयोजन स्थल पर विभिन्न फूड स्टॉल लगाए गए थे, जहां बंगाली मिठाइयों के साथ-साथ कई पारंपरिक व्यंजन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने एक ओर जहां सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संगीत का आनंद लिया, वहीं स्वादिष्ट व्यंजनों का भी जमकर लुत्फ उठाया। लंबे समय बाद मिले पुराने दोस्तों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला और माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। महिलाओं ने भी इस अवसर पर खुलकर गपशप की और एक-दूसरे के साथ समय बिताया। कुल मिलाकर यह आयोजन न केवल परंपरा से जुड़ने का माध्यम बना, बल्कि लोगों के बीच आपसी मेलजोल और खुशी का भी कारण रहा।

## लाइव इवेंट

### औषधि विकास, आधुनिक फार्मास्यूटिकल तकनीकों के शोध विषयों पर पोस्टर किए प्रस्तुत



**भिलाई।** अनुसंधान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सेमीनार अन्वेषण 2026 में शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की फार्मेसी संकाय की प्राध्यापक अंजू डहरिया और श्वेता रामकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सेमीनार में देश के विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने औषधि विकास, आधुनिक फार्मास्यूटिकल तकनीकों, समाजोपयोगी शोध विषयों पर आधारित पोस्टर प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. अंजू डहरिया ने नवाचार आधारित शोध कार्य पर प्रभावी प्रस्तुति देते हुए निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं श्वेता रामकर ने अनुसंधान उन्मुख विषय पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तैयार पोस्टर प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनो प्राध्यापकों की इस उपलब्धि पर कुलाधिपति आई.पी. मिश्रा ने बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन देने के प्रयासों का परिणाम है। विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. वैभव तिवारी ने बताया कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित फार्मा अन्वेषण 2026 में फामास्यूटिकन सांइस के क्षेत्र में नवाचार, शोध कार्य, पेटेंट, पोस्टर, के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि और फार्मास्यूटिकल काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मोटू एम पटेल भी उपस्थित थे। सभी ने फार्मास्युटिकल साइंस के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में हो रहे अनुसन्धान को उत्कृष्ट बताया। विश्वविद्यालय के अनुसंधान-नवाचार के प्रभावी कार्य पर कुलपति डॉ. संदीप श्रीवास्तव, कुलसचिव डा. स्मिता सेलट, डायरेक्टर डॉ. सुशीलचंद्र तिवारी, डॉ. देवेन्द्र साहू, डॉ. स्वर्णली दास पाल, डॉ. हेमंत बडवाइक, डॉ आलोक सिंह ठाकुर, आशिष पांडे ने भी शुभकामनाएं दी।

### दो दोस्तों की मदद से उठी गरीब की बेटी की डोली, चेहरें में दिखी खुशी



**भिलाई।** मानव सेवा ही माधव सेवा के उद्देश्य से खुर्सीपार क्षेत्र के दो युवाओं की मदद से एक गरीब परिवार की बेटी का विवाह आसानी से हो गया। केनाल रोड जोन-2 खुर्सीपार में एक रिक्शा चालक की बेटी की शादी में आर्थिक दिक्कतें आ रही थी। ऐसे में सार्वजनिक उपक्रम में सेवारत स्थानीय निवासी जेडी खान और दीपक कुमार ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया। जिसमें दोनों दोस्तों ने राशन का सामान इस परिवार को उपलब्ध कराया। इसके बाद गरीब परिवार की बेटी की शादी बिना विघ्न के सम्पन्न कराई गई।

## स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाकर भाजपा ने सेवा भावना का दिया संदेश




**भिलाई।** सेवा और ज्ञान का संदेश देने स्कूल में स्वच्छता अभियान भाजपा मंडल द्वारा बोरी लिटिया में आयोजित किया गया। इस दौरान बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सेजेस बोरी विद्यालय परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर की गई। कार्यकर्ताओं और छात्रों ने मिलकर परिसर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।स्वच्छता अभियान के बाद बाबा साहब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान स्कूली बच्चों को बाबा साहब के संघर्षमय जीवन, शिक्षा के महत्व और उनके महान संवैधानिक विचारों से अवगत कराया गया ताकि विद्यार्थी उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष पवन शर्मा, मंडल अध्यक्ष बीरबल पटेल, सूरज देशमुख, नीलांबर साहू, अरविंद कुमार पटेल, पूर्णिमा साहू, लीलम खरे, लुकेश साहू, भोला पटेल, विद्यालय प्राचार्य रामजी सिंह, व्याख्याता गुलनाज बानो, प्रधानपाठिका दीपिका बघेल, रोशनी राजन सहित सभी स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



## संस्कृत भारत की सांस्कृतिक आत्मा वैश्विक पहचान का आधारः डॉ. शर्मा



**भिलाई।** साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि संस्कृत भारत की सांस्कृतिक आत्मा है और इसी भाषा ने देश को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। वे रतनपुर बिलासपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ में संस्कृत विषयक परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शर्मा ने बताया कि यूनेस्को द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को विश्व धरोहर घोषित किया जाना भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को दर्शाता है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भी भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रमुखता दी गई है, जिसकी आत्मा संस्कृत है। उन्होंने रतनपुर में 1812 में जन्मे संस्कृत महाकवि बाबू रेवा राम के योगदान को रेखांकित करते हुए बताया कि उन्होंने गीत माधवम्, सार रामायण दीपिका, ब्राह्मण स्तोत्रम्, गंगालहरी और नर्मदा लहरी जैसी कृतियों की रचना की। साथ ही उन्होंने हिंदी में भी कई साहित्यिक कृतियां लिखीं और वे संगीत एवं अनेक भाषाओं के ज्ञाता थे। कार्यक्रम में पं. बलराम प्रसाद पांडेय और पं. श्याम सुन्दर तिवारी सहित अन्य विद्वानों ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान डॉ. शर्मा को श्री विष्णु महायज्ञ स्मारक ग्रंथ और चतुर्युगी नगरी रतनपुर धाम पुस्तकें भेंट की गईं।

विभिन्न राज्यों की 20 टीमों की रही भागीदारी, रोमांचक रहा मैच

कार्नर न्यूज

## एकता कप हॉकी टूर्नामेंट के रोमांच से भरे फाइनल मैच में एचटीसी दुर्ग का कब्जा, दीपक बने मैन ऑफ द टूर्नामेंट

**भिलाई।** जिला हॉकी संघ दुर्ग द्वारा आयोजित एकता कप फ्लड लाइट हॉकी टूर्नामेंट में खिलाड़ियों में जुनून, संघर्ष और रोमांच एक साथ नजर आया। जहां एचटीसी दुर्ग ने सिवनी की टीम को कड़े मुकाबले में 1 गोल से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में देश-प्रदेश की 20 टीमों की भागीदारी रही, जिसे देखने हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

फाइनल मुकाबले के दौरान दुर्ग महापौर अलका बाघमार, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सबा अंजुम, रोहित सिंह राजपूत, चंद्रशेखर चंद्राकर, लीलाधर पाल, निलेश अग्रवाल, अरुण सिंह, तृप्ति चंद्राकर, फिरोज अंसारी, सरिता विनोद चंद्राकर, लोकेश्वरी ठाकुर, सुरेश गुप्ता, बसंती गायकवाड़, विनोद चंद्राकर एवं अरविंद ताम्रकार मौजूद रहे।

सिविल लाइन हॉकी ग्राउंड में 7 ए साइड प्रारूप पर खेले गए इस फाइनल मैच में शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में हर पास और हर अटैक के साथ रोमांच बढ़ता गया। निर्धारित समय में मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद नतीजा ट्राईब्रेकर से निकला, जहां एचटीसी दुर्ग ने बाजी मार ली।



### उभरते खिलाड़ियों दर्शकों को मिली खूब वाहवाही

इस जीत के हीरो रहे दीपक यादव को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द टूर्नामेंट दोनों खिताबों से नवाजा गया। वहीं सिवनी के खिलाड़ी एडी को बेस्ट फारवर्ड, निहाल हुसैन को बेस्ट मिडफील्डर, अनुराग को बेस्ट डिफेंडर और एचटीसी दुर्ग के वैभव चंदेल को बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार मिला। उभरते खिलाड़ियों में तिलक और तन्मय ने भी शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।टूर्नामेंट में सिवनी मध्यप्रदेश की टीम रनरअप रही, जबकि भुसावल महाराष्ट्र ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### सीमित संसाधनों के बावजूद मिली सफलता

अतिथियों ने विजेता टीम एचटीसी दुर्ग को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया, वहीं सिवनी और भुसावल की टीमों को द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि एकता कप प्रतियोगिता यह संदेश देती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ इच्छाशक्ति से सफलता हासिल की जा सकती है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने हॉकी एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड की मांग पूरी करने का भरोसा दिलाया। वहीं जिला हॉकी संघ के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सूर्यमणि मिश्रा ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे और बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अय्युब इरफान, सचिव जहांगीर खान सहित कई पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



**समाज इवेंट**

## डॉ. अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**भिलाई।** भारतरत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की आदमकद नई मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरोदा टैंक में भगवा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा, प्रदेश महासचिव ज्ञानेश्वर ताम्रकार, भिलाई शहर अध्यक्ष शालिनी पटेल विशेष रूप से सम्मिलित हुए। समाज के अध्यक्ष शैलेन्द्र शेंडे सहित समाज के जनसमूह के साथ सामूहिक वंदना कर क्षेत्र और देश के कल्याण की कामना की गई।

■ डॉ. अम्बेडकर की दूरदर्शिता और उन्नत विचारों से आज भारत समृद्ध और सम्पन्न

बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भगवा पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा ने कहा कि मातृ शक्ति को आगे बढ़ाकर उन्हें उनका अधिकार मिलना बाबा साहब अम्बेडकर की देन है। उन्होंने संविधान की आधारशिला उस समय रखी जिस समय हमारे देश को हर वस्तु और आवश्यकता के लिए औरों पर निर्भर रहना पड़ता था। बाबा साहेब की दूरदर्शिता और उन्नत विचारों की वज़ह से ही आज भारत समृद्ध व सम्पन्न है। नवनियुक्त भिलाई शहर अध्यक्ष शालिनी पटेल ने भी सभा को सम्बोधित कर बाबा साहब अम्बेडकर के बताये मार्ग पर चलने, सभी को एकसाथ मिलजुलकर कार्य करने और विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ कार्य करने आव्हान किया। इस दौरान जय भीम और बाबा साहब अम्बेडकर अमर रहे के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान समाज की विभिन्न प्रतिभाओं और बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए, वहीं कुछ ने कविताओं के माध्यम से बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में विशेष रूप से भगवा पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रसाद ताम्रकार, वरुणेशवर पाण्डेय, अतुल शुक्ला, आकाश दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



**स्पोर्ट्स लाइव**

## राज्य पावर लिफ्टिंग स्पर्धा आज से, 250 खिलाड़ी दिखाएंगे दम



**भिलाई।** खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और पावरलिफ्टिंग खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 17 से 19 अप्रैल तक पॉवर जिम, सेक्टर-6, भिलाई में किया जाएगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं पॉवर जिम भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 15 जिलों से 250 से अधिक पुरुष एवं महिला खिलाड़ी तथा ऑफिशियल्स हिस्सा लेंगे। इसमें विभिन्न आयु वर्गों के अंतर्गत सब जूनियर (18 वर्ष तक), जूनियर (23 वर्ष तक), सीनियर (ओपन) एवं मास्टर वर्ग (40, 50, 60 एवं 70 वर्ष से अधिक) में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। वजन वर्ग के अंतर्गत महिला वर्ग में 43, 47, 52, 57, 63, 69, 76, 84 एवं +84 किलोग्राम तथा पुरुष वर्ग में 53, 59, 66, 74, 83, 93, 105, 120 एवं +120 किलोग्राम श्रेणियों में प्रतियोगिताएं होंगी। इस बार प्रतियोगिता की खास बात यह है कि पहली बार ऑनलाइन डिजिटल रेफरी लाइट सिस्टम का उपयोग किया जाएगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और आधुनिक बनेगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बेस्ट लिफ्टर ऑफ छत्तीसगढ़ का खिताब प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही विजेताओं को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक वजन वर्ग के विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम में किया जाएगा। आयोजन की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव कृष्णा साहू ने खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और प्रतियोगिता का हिस्सा बनने की अपील की है।

## लायन डिस्ट्रिक का रीजन कॉन्फ्रेंस हुआ आयोजन




**भिलाई।** भिलाई लयंस क्लब द्वारा लायन डिस्ट्रिक के अंतर्गत रीजन 6 की बहुप्रतीक्षित रीजन कॉन्फ्रेंस पहल का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर रीजन के सभी क्लबों के लायन सदस्य, पदाधिकारी, कवर्धा, बेमेतरा, महासमुंद क्लब व अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः पंजीयन एवं स्वागत सत्र से हुआ। अतिथियों के मंचासीन होने के बाद रीजन चेयरपर्सन लायन शांतिलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम हुआ। पठन लायन सरिता दोषी द्वारा किया गया। जिसमें विशेष रूप से भारत माता की वेशभूषा में ज्योति लुनिया, छत्तीसगढ़ महतारी के रूप में शकुंतला साहू, सरिता दोषी, अंजुला सोनी, पूजा साहू की प्रस्तुति अत्यंत आकर्षक सराहनीय रही। मंचासीन पीडीजी त्रिलोक बराडिया , राजेंद्र तिवारी ,जयप्रकाश अग्रवाल, नरेंद्र जैन, शैलेश अग्रवाल द्वारा अपने संक्षिप्त प्रेरणादायक उद्धबोधन प्रस्तुत किया।

● अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा नन्हे हाथ, बड़ा काम-सेवा से रोशन समाज का नाम का आयोजन

# सेवा सप्ताह में बच्चों ने दिया सेवा, संस्कार और समर्पण का संदेश, हनुमान चालीसा पाठ कर बांटा शीतल पेय

**भिलाई।** अग्रवाल समाज दुर्ग की महिला इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन सेवा सप्ताह का समापन उत्साह और सामाजिक समर्पण की भावना के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन के माध्यम से बचपन से ही बच्चों में सेवा और सहयोग की भावना विकसित कर आने वाली पीढ़ी एक संवेदनशील और जिम्मेदार समाज का निर्माण करने का संदेश दिया। यह सप्ताह केवल सेवा कार्यों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और संस्कारों के प्रसार का एक प्रेरणादायक माध्यम भी बना। इस दौरान नन्हे हाथ, बड़ा काम-सेवा से रोशन समाज का नाम, इस भावना को साकार करते हुए बच्चों ने सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ कर पुस्तक देकर मिक्स जूस, छाछ, रूहआफजा, रसना, आमपाना आदि का वितरण किया गया।



### बाल सेवा में समाज के बच्चों में दिखा उत्साह



सेवा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी शारदा अग्रवाल, सीमा सेक्सरिया, सीमा खेमका और सुमन मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि समापन दिवस पर मिक्स फ्रूट सेवा वितरण को बाल सेवा के रूप में आयोजित किया गया। इस पहल में समाज के बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सेवा के प्रति अपनी जागरूकता और उत्साह का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बना, जिसने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उनकी माताएं, समाज की महिलाएं, कार्यकारिणी सदस्य, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष, पदाधिकारी और संरक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए यह संदेश दिया कि सेवा केवल एक कार्य नहीं, बल्कि जीवन का एक महत्वपूर्ण मूल्य है, जिसे बचपन से ही अपनाया जाना चाहिए। नन्हे हाथ, बड़ा काम-सेवा से रोशन समाज का नाम, इस भावना को साकार करते हुए बच्चों ने सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस सेवा सप्ताह में सेवा के साथ-साथ संस्कारों का भी सुंदर समावेश किया गया। बच्चों को चॉकलेट, चिप्स के साथ विशेष रूप से हनुमान चालीसा किताब का वितरण किया गया, जिससे उनमें सेवा भाव के साथ भक्ति, नैतिकता और सांस्कृतिक मूल्यों का भी विकास हो सके। यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रही।



### छाछ, आमपाना और ताजे फलों का किया वितरण

पूरे सप्ताह के दौरान भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के शीतल पेयों जैसे छाछ, रूहआफजा, रसना, आमपाना एवं ताजे फलों का वितरण किया गया। यह सेवा न केवल लोगों को राहत देने का माध्यम बनी, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश भी देती रही। समाज की महिलाओं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने घरों से शीतल पेय तैयार कर सेवा में योगदान दिया। इस कार्य में महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष उषा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, राजरानी अग्रवाल, आरती अग्रवाल, कांता अग्रवाल, मीना अग्रवाल, संगीता राजगढ़िया, अनीता बंसल, निर्मला बंसल, आशा रूंगटा, राधामोहन अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, सरिता गोयल, उपाध्यक्ष अंजू खेतान, सारिका अग्रवाल, सरोज अग्रवाल एवं वंदना गुप्ता का विशेष योगदान रहा।



### संवेदनशील और संगठित समाज का निर्माण संभव

इस अवसप पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि जब समाज सेवा और संस्कार एक साथ आगे बढ़ते हैं, तो एक सशक्त, संवेदनशील और संगठित समाज का निर्माण संभव होता है। समापन समारोह के अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष नीलू अग्रवाल, महासचिव श्वेता अग्रवाल, सचिव प्रीति राजगढ़िया एवं कोषाध्यक्ष तृप्ति अग्रवाल, अग्रवाल समाज दुर्ग के अध्यक्ष ललित सेक्सरिया, महासचिव प्रहलाद रूंगटा, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, सचिव बिमल राजगढ़िया, युवा मंडल अध्यक्ष अमूल बंसल, महासचिव रजत अग्रवाल एवं यूथ क्लब अध्यक्ष अनूप अग्रवाल विशेष उपस्थित थे।

**आयोजन...**

## अमरनाथ यात्रा का पंजीयन जारी श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं



**भिलाई।** अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन प्रक्रिया विभिन्न चिह्नित बैंकों में की जा रही है। इन बैंकों में प्रबंधन के साथ सेवा समितियों के लोग भी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं कर रहे हैं। नाश्ता एवं मीठे की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही सभी के लिए पानी की बोतलों का भी इंतजाम किया गया, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के भिलाई-रायपुर की सेवा समितियों ने जम्मू और कश्मीर बैंक की रायपुर शाखा में सेवा दी।



गुरुवार को जम्मू और कश्मीर बैंक की रायपुर शाखा में पंजीयन का दूसरा दिन रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे। शाखा प्रबंधक राजेश बाली ने बताया कि पंजीयन प्रक्रिया को सरल और व्यवस्थित बनाने के लिए बैंक द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोशिश की जा रही है कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि दो दिनों में दो सौ से अधिक पंजीयन हो गए हैं। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन कराते हैं, जिसे लेकर प्रशासन और बैंक प्रबंधन विशेष तैयारियां करता है। बैंक में पंजीयन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के अतुल पटेल एवं संतोष अग्रवाल के द्वारा यहां पर जलपान की व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रही है। संतोष अग्रवाल ने बताया कि बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए दुर्ग-रायपुर से जत्था रवाना होगा।

## करियर विकल्पों की दी जानकारी

## विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित



**भिलाई।** स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत विस्तार गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय क्षेत्र के आठ शासकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, वहीं शिक्षकों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

**कुम्हारी कॉलेज पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत विस्तार गतिविधि का आयोजन**

कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना तथा महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों, सुविधाओं, करियर काउंसलिंग और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की जानकारी देना था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोनीता सत्संगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय चयन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषयों का परिचय देते हुए करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. अमृता पाठक ने महाविद्यालय की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया, जबकि नेहा कुमारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन अर्चना उरांव द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे।

**सेठ रतनचंद सुराना विधि कॉलेज में वैकल्पिक विवाद समाधान सेमिनार**

# संविधान व वैकल्पिक विवाद समाधान की अवधारणा पर विस्तारपूर्वक दी जानकारी

**कार्नर न्यूज**



**दुर्ग।** सेठ रतनचंद सुराना विधि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आयोजित वैकल्पिक विवाद समाधान विषयक सेमिनार का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के सचिव, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ, असिस्टेंट अधिवक्ता एवं मीडिएटर अधिवक्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। सेमिनार के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को संविधान एवं वैकल्पिक विवाद समाधान की अवधारणा पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक विवाद समाधान क्या है, किन परिस्थितियों में इसका उपयोग किया जाता है, इसकी आवश्यकता क्यों है तथा यह समाज एवं न्याय प्रणाली को किस प्रकार सुदृढ़ बनाता है।



### व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया

लोक अदालत एवं मीडिएशन की प्रक्रिया, उनके महत्व तथा व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विषय को सरल एवं सहज भाषा में समझाया गया। विशेषज्ञों ने न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, मीडिएशन के विभिन्न प्रकार एवं उनकी प्रभावशीलता पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। साथ ही वर्तमान समय में वैकल्पिक विवाद समाधान की बढ़ती प्रासंगिकता एवं उसकी व्यापक उपयोगिता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के सचिव द्वारा ऑनलाइन विवाद समाधान के संबंध में भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को ऑनलाइन विवाद समाधान की अवधारणा, उसके प्रारंभ, उपयोग के क्षेत्रों एवं लाभों से अवगत कराया गया। साथ ही उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी भी साझा की गई।

### मध्यस्थता 2.0 की अवधारण पर प्रकाश डाला

मीडिएशन की प्रक्रिया को अधिक रोचक एवं व्यावहारिक बनाने के लिए विशेषज्ञों ने फिल्मों के किरदारों के उदाहरणों के माध्यम से विवाद समाधान की भूमिका को सहज ढंग से प्रस्तुत किया तथा मध्यस्थता 2.0 की अवधारणा पर भी विशेष प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, आधुनिक तकनीकी साधनों के प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन देते हुए विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से प्राप्त जानकारी के सत्यापन की आवश्यकता पर जोर दिया तथा इससे संबंधित एक प्रासंगिक उदाहरण भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान एक चित्रकला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय जेल के बंदियों, पैरालिगल वॉलंटियर्स एवं एलएडीसीएस के स्टॉफ द्वारा निर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया, जिसे विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों ने अत्यंत सराहा। कार्यक्रम के समापन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के सचिव द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य को राष्ट्र के लिए मध्यस्थता 2.0 विषयक विशेष पुस्तक आईसागर - दुर्ग जिले का मध्यस्थता रणनीति मॉडल भेंट की गई तथा इसकी सॉफ्ट कॉपी व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से विद्यार्थियों को तत्काल प्रेषित की गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं सक्रियता के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की तथा विभिन्न विधिक विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल, स्पष्ट एवं संतोषजनक उत्तर प्रदान किया गया। यह विधिक साक्षरता सेमिनार विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ एवं उन्होंने इसे ज्ञानवर्धक तथा प्रेरणादायक अनुभव बताया।

सिटी स्पोर्ट्स

## अंडर-23 में ईस्ट और वेस्ट जोन की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-23 सिलेक्शन मैच के चौथे एवं अंतिम दिन विभिन्न टीमों के बीच मुकाबले हुए। बीएससी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम नॉर्थ जोन विरुद्ध ईस्ट जोन के मैच में परिणाम ईस्ट जोन ने 64 रन से जीता। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने दूसरी पारी कल के अपने स्कोर एक विकेट पर चार रन से आगे खेलते हुए 204 रन बनाए और टीम आउट हो गई। कप्तान विकल्प तिवारी ने 83 रन, जितेश वर्मा ने 33 रन और वी वैभव ने 27 रन बनाएं। गेंदबाजी में ईस्ट जोन के आशीष कोरी ने 5 विकेट और अंकित कुमार ने तीन विकेट लिए।

आरडीसीए रायपुर में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन में वेस्ट जोन ने 12 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में साउथ जोन टीम दूसरी पारी अपने कल के स्कोर 6 विकेट पर 81 रन से आगे खेलते हुए 130 रन बनाकर आउट हो गई। एरिन द्विवेदी ने 18 रन और प्रथम जाचक ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन के प्रशांत सिंह ने चार विकेट, भारत गोंडवानी ने तीन और भविष्य थपियाल ने दो विकेट लिए।

## वूमेंस अंडर-19 में साउथ जोन और ईस्ट जोन ने जीते अपने-अपने मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वूमेंस अंडर-19 टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में साउथ जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में परिणाम साउथ जोन ने 24 रन से जीता। बल्लेबाजी में साउथ जोन चार विकेट पर 155 रन बनाए। जिसमें आकांक्षा रानी ने 62 रन, नम्रता वर्मा ने 33 रन, महक नरवसे एवं गीत डहरिया ने 24 -24 रन बनाएं। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की दीपिका भगत ने दो विकेट ,अनुष्का एवं संयोगिता साहू ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 8 विकेट पर 131 रन बनाए। जिसमें शेख नाजिया ने 39 रन और ख्याति साहू ने नॉट आउट 31 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन से सिलमनी कांडुलना एवं पलक जोशी ने दो-दो विकेट. इशिता नायक एवं महका नरवासे ने एक-एक विकेट लिए।

कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 टीम में ईस्ट जोन विरुद्ध वेस्ट जोन में ईस्ट जोन ने छह विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 3 विकेट पर 104 रन बनाए। चांद चेलक ने 36 रन, अदिति वर्मा ने 27 रन, निधि मंडावी ने 18 रन एवं सुदीक्षा तिवारी ने नॉट आउट 16 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की नवलीन कौर जस्सी ने दो विकेट और पलक सिंह ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 4 विकेट पर 105 रन बनाए। यति शर्मा ने 39 रन, देविका ने 24 एवं नवीन कौर जस्सी ने नॉट आउट 17 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की सौम्या रात्रे ने दो विकेट, एस प्रधान एवं मिताली नरेटी ने एक-एक विकेट लिए।

## छत्तीसगढ़ के ओम और अवि का चयन भारतीय सब जूनियर कोर हॉकी टीम में




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के ओम यादव (राजनांदगांव) और अवि मानिकपुरी (बिलासपुर) का चयन भारतीय सब जूनियर बालक प्रशिक्षण शिविर हेतु किया गया है। चयनित खिलाड़ी आगामी 29 मई से 06 जून तक जापान में आयोजित होने वाली अंडर 18 एशिया कप में भाग लेंगे। इनका प्रशिक्षण शिविर भोपाल में 19 अप्रैल से 25 मई तक आयोजित है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी ने उम्मीद जताई कि भारतीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रशिक्षण शिविर में ओम यादव और अवि मानिकपुरी का चयन प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी साबित होगा. फॉरवर्ड पोजीशन में खेलने वाले राजनांदगांव के ओम यादव और मिडफील्डर खेलने वाले बिलासपुर के अवि मानिकपुरी विगत 5 वर्षों से छत्तीसगढ़ हाकी टीम का प्रतिनिधित्व करते आ रहे है। उक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन राजगीर (बिहार) में आयोजित 16वी हाकी इंडिया नेशनल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है, जहाँ ओम ने छत्तीसगढ़ और अवि ने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था।

ओम यादव वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य खेल अकादमी बिलासपुर के आवासीय हॉकी केंद्र तथा अवि मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और कोचों के मार्गदर्शन को जाता है।

### कहीं खराब तो नहीं हो रहा आपका लिवर, तुरंत कराएं जांच

# पेट में अक्सर बना रहता है भारीपन और पैरों में रहती है सूजन, तो अपने लिवर की सेहत को लेकर हो जाएं चौकन्ना

अल्कोहल के अत्यधिक सेवन, मोटापे, हाई कोलेस्ट्रॉल और टाइप 2 डायबिटीज की वजह से फैटी लिवर का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। कुछ सालों पहले तक फैटी लिवर की बीमारी मुख्य रूप से वृद्धों को प्रभावित करती थी, लेकिन अब यह 20 और 30 की उम्र के युवाओं को भी प्रभावित कर रही है। लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी ने कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। इसका संपूर्ण स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर-किडनी सहित कई अंगों की बढ़ती बीमारियों के लिए भी इसे एक कारण माना जा सकता है।

लिवर की बढ़ती बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ अलर्ट करते हैं। लिवर से संबंधित समस्याओं पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इसके जानलेवा दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। लिवर की बढ़ती बीमारियों के बारे में लोगों को अलर्ट करने और इससे बचाव को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है। डॉक्टर कहते हैं, युवाओं में फैटी लिवर की दिक्कत तेजी से बढ़ती जा रही है। फैटी लिवर (हेपेटिक स्टीटोसिस) होने पर लिवर की



कोशिकाओं में अतिरिक्त फैट जमा हो जाता है। सही इलाज न मिलने पर यह बीमारी फाइब्रोसिस, सिरोसिस और यहां तक कि लिवर कैंसर का रूप ले लेती है। इसके गंभीर मामलों में लिवर सामान्य काम करना बंद कर देता है, जिसके बाद लिवर ट्रांसप्लांट ही एकमात्र विकल्प बचता है। इस बीमारी का कोई सटीक उपचार नहीं हैं, लेकिन जीवनशैली और खानपान में कुछ बदलाव करके इसके नुकसान को रोकने या ठीक करने में मदद मिल सकती है।

### क्यों बढ़ती जा रही है लिवर की ये समस्या

अल्कोहल के अत्यधिक सेवन, मोटापे, हाई कोलेस्ट्रॉल और टाइप-2 डायबिटीज की वजह से फैटी लिवर का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसके अलावा अधिक मात्रा में तेल और वसा युक्त भोजन करने, शरीर का वजन अधिक होने, इंसुलिन प्रतिरोध होने पर, रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स का उच्च स्तर, तेजी से वजन कम होने से भी फैटी लिवर हो सकता है।



### कहीं आपको भी तो नहीं हो रही हैं ये दिक्कतें

फैटी लिवर होने पर पेट के ऊपरी दाहिने भाग में हल्का दर्द या बेचैनी महसूस हो सकती है। इसके अलावा पेट में भारीपन और जल्दी थकान एवं कमजोरी महसूस करना, भूख न लगना, त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, वजन कम होना, पीलिया, पेट, पैरों और पंजों में सूजन दिखाई दे सकती है। यदि आप इन लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं तो चिकित्सक से सलाह जरूर लें। फैटी लिवर से बचने के लिए आप फल, सब्जियां, साबुत अनाज, प्रोटीन और स्वस्थ वसा से भरपूर संतुलित आहार का सेवन करें। मीठे पेय पदार्थों, मिठाइयों और उच्च ट्रांस वसा वाले प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें। फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों, जैसे- फलियां, और साबुत अनाज लिवर की कार्यप्रणाली को



बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा एवोकाडो, नट्स, बीज को आहार में शामिल करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। अधिक से अधिक ताजा जूस, जैसे- नारियल पानी या नींबू पानी पीएं।

### लिवर को स्वस्थ रखने के लिए इन बातों पर भी दें ध्यान

तेजी से वजन घटाने से फैटी लिवर की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए आहार और व्यायाम से प्रति सप्ताह 1-2 पाउंड वजन धीरे-धीरे और स्थायी रूप से घटाने का लक्ष्य रखें। शरीर के वजन में 5-10 प्रतिशत की कमी भी लिवर के स्वास्थ्य में काफी सुधार कर सकती है। इसलिए धीरे-धीरे वजन घटाने के तरीकों को अपनाएं। नियमित व्यायाम, जैसे-तेज चलना, साइकिल चलाना या तैराकी जरूर करें। अल्कोहल का सेवन न करें। दवाओं का इस्तेमाल निर्देशानुसार करें और उन दवाओं से बचें, जो लिवर को नुकसान पहुंचा सकती हैं।



## आपकी वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बना सकता है मेडिटेशन

अगर आप अपनी वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आपको हर दिन मेडिटेशन भी जरूर करना चाहिए। इससे यकीनन आपको काफी फायदा मिलेगा।

जब भी वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बनाने की बात आती है, तो लोग सबसे पहले अपनी डाइट, सप्लीमेंट्स या फिर एक्सरसाइज़ रूटीन को बदलने पर फोकस करते हैं। लेकिन वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बनाने का एक ऐसा असरदार तरीका भी है, जिसके बारे में अधिकतर लोग जानते ही नहीं हैं या फिर जानकर भी उसे नजरअंदाज कर देते हैं। जी हां, यह तरीका है मेडिटेशन।

मेडिटेशन को अमूमन आत्मिक शांति के लिए जाना जाता है, लेकिन यह बहुत ज्यादा पावरफुल है। साधारण-सा नजर आने वाला मेडिटेशन, जिसमें आप बस शांति से बैठकर सांसों पर ध्यान देते हैं, वास्तव में आपके लिए बहुत अधिक असरदार साबित हो सकता है। यह आपकी ताकत बढ़ाने से लेकर आपको जल्दी रिकवर करने में मदद कर सकता है। सुनने में शायद आपको अजीब लग सकता है, लेकिन सच



यही है। मेडिटेशन को हम सभी सिर्फ रिलैक्सेशन के लिए नहीं है। बल्कि यह आपको बेहतर फोकस करने, स्ट्रेस को कंट्रोल में रखने, मेंटल स्ट्रेंथ को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। तो चलिए आज इस लेख में पावरलिफ्टिंग में नेशनल रिकॉर्ड होल्डर और एनीटाइम फिटनेस के फिटनेस ट्रेनर विनय माहौर आपको बता रहे हैं कि मेडिटेशन वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बनाने में किस तरह मददगार है-

### बढ़ता है फोकस

वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बनाने के लिए सबसे जरूरी है कि आपका पूरा ध्यान सिर्फ अपने वर्कआउट पर हो। इससे आपको माइंड और बॉडी का कनेक्शन बनाने में मदद मिलती है। लेकिन हम सभी के साथ ऐसा होता है कि वर्कआउट करते समय ध्यान भटकता है। उस समय हम काम से लेकर परिवार या फिर कुछ और सोच रहे होते हैं। जिससे कहीं ना कहीं परफार्मेंस पर असर पड़ता है। लेकिन, मेडिटेशन आपके दिमाग को उस वर्तमान पल में रहने की ट्रेनिंग देता है, जिससे आप अपने बॉडी मूवमेंट्स पर ज्यादा ध्यान दे सकते हैं, सही तरीके से सांस ले सकते हैं और सही फॉर्म में एक्सरसाइज कर सकते हैं। इससे आप अपने वर्कआउट से बेहतर रिजल्ट पाते हैं क्योंकि आप पूरी तरह उसमें लगे रहते हैं।

### तनाव होता है कम

मेडिटेशन तनाव को कम करके मसल्स को जल्दी रिकवर करने में भी मदद करता है। दरअसल, जब आप तनाव में होते हैं, तो आपका शरीर कॉर्टिसोल नाम का एक हॉर्मोन रिलीज़ करता है। अगर यह ज्यादा बनता है, तो आपकी मसल्स को एक्सरसाइज के बाद रिकवर होने में दिक्कत हो सकती है। लेकिन मेडिटेशन करने से तनाव कम होता है, जिससे शरीर को वर्कआउट के बाद जल्दी रिकवर होने में मदद मिलती है।



## क्या शमी का पौधा घर के ईशान कोण में रखना ठीक है, जानें वास्तु के नियम

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शमी का पौधा भगवान शनि से जुड़ा हुआ है और उनकी कृपा पाने के लिए इसे घर में लगाना शुभ माना जाता है। यही कारण है कि इसे विशेष रूप से शनिवार को पूजनीय माना जाता है और कई लोग इसे अपने घर या व्यापार स्थल पर लगाते हैं। लेकिन शमी का पौधा घर की सही दिशा में लगाना जरूरी होता है। ऐसे में एक सवाल यह उठता है कि क्या शमी का पौधा ईशान कोण में लगाना ठीक है? वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर का हर कोना अलग-अलग ऊर्जाओं से प्रभावित होता है।

ईशान कोण जिसे उत्तर-पूर्व दिशा भी कहा जाता है, यह सकारात्मक ऊर्जा और देवताओं का स्थान माना जाता है, जबकि शमी का पौधा शनि ग्रह से संबंधित होता है, जिसकी ऊर्जा ईशान कोण के लिए उपयुक्त नहीं मानी जाती। इसलिए, इसे सही दिशा में लगाने से घर में शुभ फल मिलते हैं, लेकिन गलत दिशा में रखने से नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी दे जानें कि शमी का पौधा ईशान कोण में लगाने से क्या होता है। ज्योतिषीय दृष्टि से, शमी का पौधा शनि दोष, साढ़ेसाती और राहु-केतु के अशुभ प्रभाव को कम करने में सहायक होता है। यदि कुंडली में शनि की दशा प्रतिकूल हो, तो प्रत्येक शनिवार शमी के पेड़ पर जल चढ़ाने और इसकी पूजा करने से शनि देव की कृपा प्राप्त होती है। इसे घर में लगाने से वास्तु दोष समाप्त हो सकता है और आर्थिक समृद्धि बढ़ती है। कई लोग शमी की टहनी को शुभ मानकर इसे घर के प्रवेश द्वार पर भी लगाते हैं। शमी का पौधा न केवल धार्मिक बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी लाभकारी माना जाता है।



### शमी का पौधा ईशान कोण में क्यों नहीं लगाना चाहिए

शमी का पौधा हिंदू धर्म और ज्योतिष शास्त्र में शुभ माना जाता है, लेकिन इसे लगाने की दिशा का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, शमी के पौधे को ईशान कोण में लगाने से नकारात्मक प्रभाव बढ़ सकते हैं, जो घर के सुख-समृद्धि और शांति को प्रभावित कर सकते हैं। ईशान कोण देवताओं और जल तत्व से जुड़ा होता है। यह स्थान घर में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। शमी का पौधा शनि ग्रह से संबंधित होता है, जो गंभीरता और कठोरता का प्रतीक है। इसे ईशान कोण में लगाने से आध्यात्मिक ऊर्जा बाधित हो सकती है।

## फ्रिज की यह सेटिंग पानी की बोतल जल्दी करेंगी ठंडा



कितनी बार ऐसा होता है कि ठंडा पानी चाहिए, लेकिन फ्रिज की बोतलें ठंडी ही नहीं होती हैं। ऐसे में चलिए आज एक ऐसी सेटिंग जान लीजिए, जो फ्रिज में रखी बोतलों को जल्दी ठंडा करने का काम करती है।

### क्या होनी चाहिए फ्रिज की सेटिंग?

हर फ्रिज में टेंपरेचर को कंट्रोल करने के लिए नॉब या डिजिटल कंट्रोल होता है। गर्मियों में फ्रिज का तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस के बीच रखना सबसे अच्छा होता है। अगर आपको पानी की बोतल बहुत जल्दी ठंडी करनी है, तो तापमान को सबसे कम सेटिंग पर सेट करें। बस इतना ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा ठंडक से कुछ चीजें जम भी सकती हैं, इसलिए कुछ घंटों बाद तापमान को न्यूट्रल करें।

### पानी की बोतल को फ्रिज में सही जगह रखें

फ्रिज में हर कोने का टेंपरेचर एक जैसा नहीं होता। कुछ कोनों पर ज्यादा ठंडक होती है और कुछ जगह कम ठंडी होती हैं। पानी की बोतल को फ्रिज के पीछे वाले हिस्से में रखें, क्योंकि वहां कूलिंग कॉइल के पास ज्यादा ठंडक होती है। बोतल को शेल्फ पर रखने से भी वह जल्दी ठंडी होती है। वहीं, सबसे ज्यादा लोग बोतलों को फ्रिज के स्ट्रैड ड्रॉअर में रखते हैं। बार-बार फ्रिज खोलने से उस जगह का तापमान बदलता रहता है, इसलिए बोतलों को वहां न लिखें।

अगर आपको बोतल तुरंत ठंडी करनी है, तो आप उसे डीप फ्रीजर में कुछ समय के लिए रख सकते हैं। बोतल को फ्रीजर में 10-15 मिनट के लिए रखें।

कार्नर न्यूज

## मेंटल हेल्थ हावी न होने दें नकारात्मकता

# अपने जीवन से तनाव को भगाना है तो शुरू कर दें ये काम, फिर लाइफ होगी बिंदास

आज के समय में मेंटल हेल्थ के मामले में लगातार बढ़ रहे हैं। इतनी आबादी होने के बावजूद बहुत से लोग अकेलापन महसूस करते हैं, जो मेंटल हेल्थ पर नेगेटिव असर डालने का काम कर रही है। काम का अत्यधिक दबाव, व्यक्तिगत समस्याएं, और सामाजिक अपेक्षाएं मेंटल हेल्थ का एक बड़ा कारण माना जा रहा है।

### मेंटल हेल्थ से होती है कई और बीमारियां

सुबह की भागदौड़ से लेकर ऑफिस के दबाव तक खुशी के पल पाना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। हालांकि, इससे निकलना बेहद जरूरी है क्योंकि लंबे समय तक तनाव मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। जिससे डायबिटीज ब्लड प्रेशर और हार्ट की बीमारी जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

### मेंटल हेल्थ के लक्षणों को पहचानना जरूरी

मेंटल हेल्थ के लक्षणों को पहचानना भी जरूरी है। लगातार उदासी या निराशा, चिंता या भय का



अत्यधिक अनुभव और गुस्सा या चिड़चिड़ापन होना इसके लक्षण हैं। इसके अलावा नींद में समस्या, भूख कम या ज्यादा लगना, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी और निर्णय लेने में होने वाली कठिनाई भी इसके कारण हो सकते हैं।

### ध्यान और योग तनाव के खिलाफ लड़ती है लड़ाई

यूके मेंटल हेल्थ फाउंडेशन हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर तनाव के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिए कुछ उपाय बताए हैं। ध्यान और योग तनाव के खिलाफ लड़ाई करते हैं, जो मानसिक शांति के लिए बेहद जरूरी हैं। नियमित ध्यान सत्र मन को शांत करने में मदद करते हैं, जबकि योग शारीरिक लचीलापन और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाता है।

### ऐसे कर सकते हैं स्ट्रेस को कम

इसके अलावा दौड़ने, तैरने या साइकिल चलाने जैसे दैनिक व्यायाम करने से एंडोर्फिन निकलता है, जो शरीर के प्राकृतिक मूड को बढ़ाता है। सकारात्मक मानसिक स्थिति को बढ़ावा देता है और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करता है। प्रकृति का हमारे स्वास्थ्य पर कितना प्रभाव है, इसे कम



### इन चीजों पर ध्यान देना जरूरी

प्रकृति के साथ यह संबंध मन और शरीर दोनों को तरोताजा करता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। इसी तरह हम जो खाना खाते हैं, वह तनाव को रोकने करने में अहम भूमिका निभाता है। फलों, सब्जियों और साबुत अनाज से भरपूर आहार तनाव को कम करने में मदद कर सकता है, क्योंकि स्वस्थ खाने की आदतें शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से काम करने में मदद करती हैं। नींद पूरी नहीं करना तनाव और चिंता को बढ़ा सकती है, इसलिए हर रात 7-8 घंटे की आरामदायक नींद की ज़रूरत होती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## काम से ब्रेक लेंगी जेंडाया कहा- गायब हो जाऊंगी



पॉपुलर सीरीज 'यूफोरिया' के सीजन 3 के ट्रेलर रिलीज से पहले हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया ने बड़ा ऐलान किया है, जिससे सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है। जानिए उन्होंने क्या कहा। हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया की पॉपुलर सीरीज 'यूफोरिया' के सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। साथ ही इसके बाद इस साल उनकी कई बड़ी फिल्में भी रिलीज होने वाली हैं। लेकिन इससे पहले उन्होंने बड़ा ऐलान किया है, जिसे सुनकर उनके फैंस थोड़े दुखी नजर आ रहे हैं। एक इंटरव्यू के दौरान, जहां वह अपने को-स्टार रॉबर्ट पैटिनसन के साथ बात कर रही थीं, जेंडाया ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मुझे बस उम्मीद है कि लोग मुझसे बोर नहीं होंगे।' उन्होंने अपने फैंस का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें हर तरह के सपोर्ट के लिए वह बेहद आभारी हैं।

जेंडाया ने आगे कहा, 'इस साल के बाद मैं थोड़ी देर के लिए गायब हो जाऊंगी। मुझे थोड़ा ब्रेक लेना ही पड़ेगा।' उनकी इस बात से साफ है कि वह लगातार काम के बाद खुद के लिए समय निकालना चाहती हैं। उनके इस बयान के बाद अब फैंस की ओर से रिएक्शन भी सामने आने लगे हैं। फैंस उनके इस स्टेटमेंट के बाद दुखी नजर आ रहे हैं। फिलहाल उनकी आने वाली सीरीज का ट्रेलर भी सामने आ गया है।

पॉपुलर सीरीज 'यूफोरिया' का सीजन 3 अब पहले से कहीं ज्यादा इंटेंस और डार्क होने वाला है। हाल ही में एचबीओ ने इसका नया ट्रेलर रिलीज किया है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। यह सीजन 12 अप्रैल से शुरू हुआ।

### टॉलीवुड

## विजय की फिल्म 'जन नायकन' की लीक पर विग्नेश शिवन ने जाहिर की निराशा



थलापति विजय की फिल्म 'जन नायकन' के थिएटर में रिलीज होने से पहले लीक हो जाने पर कई सेलेब्स ने निराशा जाहिर की। इस बीच अब एक्टर-डायरेक्टर विग्नेश शिवन ने भी रिएक्शन दिया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री के लिए संकट बताया है।

चर्चित डायरेक्टर विग्नेश शिवन ने थलापति विजय की फिल्म 'जन नायकन' की पायरेसी पर निराशा जाहिर की है। उन्होंने इसे फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक संकट बताया। विग्नेश ने अपने एडिटर का बचाव किया है। साथ ही फैंस से अपील की है कि वे यह फिल्म सिर्फ लीगल तरीके से ही देखें, ताकि फिल्म बनाने वालों को सपोर्ट मिल सके।

डायरेक्टर विग्नेश शिवन ने हाल ही में यह नाराजगी तब जाहिर की, जब उन्होंने किसी को अपने फोन पर विजय की फिल्म 'जन नायकन' का पायरेटेड वर्जन देखते हुए देखा। यह घटना तब हुई, जब विग्नेश भी इस दौरान मौजूद थे और मदुरै जा रहे थे। उन्होंने तुरंत रिएक्ट करते हुए उस शख्स के हाथ से फोन छीन लिया। विग्नेश शिवन ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं खुद को रोक नहीं पाया। सच कहूं तो, मेरा मन किया कि मैं उस फोन को वहीं, उसी वक्त तोड़ डालूं। हमारी कड़ी मेहनत के साथ ऐसा बर्ताव होते देखना बहुत दुख देता है'।

विग्नेश शिवन की निराशा सिर्फ उस पल भर की घटना की वजह से नहीं थी। उन्होंने इशारा किया कि यह लीक किसी ऐसे शख्स का जान-बूझकर किया गया काम था, जिसकी अंदर तक पहुंच थी। उन्होंने कहा, 'किसी ऐसे व्यक्ति ने यह जान-बूझकर किया, जिसकी अंदर तक पहुंच थी। हमारे लिए फिल्म भगवान जैसी होती है। हम अपनी पूरी जान लगाकर उसकी रक्षा करते हैं और उसका सम्मान करते हैं'।

### भोजपुरी

## 'तुलसी विवाह' में शादी के बाद खुला बीमारी का सच तो ससुरालवालों ने छोड़ा



संजना पांडेय की नई भोजपुरी फिल्म 'तुलसी विवाह' के ट्रेलर ने रिलीज होते ही गर्दा उड़ा दिया है और यूट्यूब पर नंबर 4 पर ट्रेंड कर रहा है। कहानी एक ऐसी लड़की की है, जिसकी बीमारी का राज उसकी शादी के बाद खुलता है। ससुरालवाले ताना मारते हैं और छोड़ देते हैं, पर पति उसका सहारा बनता है।

भोजपुरी फिल्मों की स्टार संजना पांडेय की नई फिल्म 'तुलसी विवाह' का ट्रेलर हाल ही रिलीज हुआ और चर्चा में आ गया। कहानी एक ऐसी लड़की की है, जिसकी शादी हो जाती है, पर शादी के बाद उसकी गंभीर बीमारी का राज सबके सामने आता है, तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है। लड़की को कैंसर होने की बात सामने आती है, जिस पर ससुरालवाले उसे ताने मारते हैं और घर से निकाल देते हैं। पर पति उसका सहारा बनता है और कैंसर से जंग में उसके साथ मैदान में उतरता है। 'तुलसी विवाह' का ट्रेलर 28 मार्च को रिलीज हुआ था और अभी यूट्यूब पर चौथे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। फिल्म की कहानी एकदम झकझोरने वाली है और संजना पांडेय भी तुलसी के रोल में छा गई हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि तुलसी को देखने लड़के वाले आते हैं। तुलसी की दादी से लेकर मम्मी-पापा तक उसके गुण गिनाते हैं। रिश्ता तय हो जाता है और सास कहती है कि अब तुलसी विवाह होगा। शादी की तैयारियां शुरू होती है, लेकिन इसी बीच तुलसी की तबीयत बिगड़ जाती है। डॉक्टर उसके टेस्ट करते हैं, रिपोर्ट आती है, तो पता चलता है कि तुलसी को कैंसर है। तुलसी के चाचा-चाची बुरी तरह टूट जाते हैं। फिर तुलसी की चाची उसके चाचा को कसम देती है कि वह यह बात किसी को भी न बताएं।

### क्रॉप टॉप्स

क्रॉप टॉप्स एक ऐसा फ़ैशन आइकन है, जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है। 1930 और 40 के दशक के स्टाइलिश टू-पीस सेट्स में अपनी शुरुआत के बाद से, कई अलग-अलग स्टाइल्स में विकसित हुए हैं। हर दशक ने इस ट्रेंड को एक नया अंदाज़ दिया है, जिससे क्रॉप टॉप्स एक ऐसा जीवंत और ज़रूरी हिस्सा बन गए हैं जो हमेशा फ़ैशन में रहता है।




## नेकलाइन के हिसाब से करें दुपट्टा स्टाइल, मिलेगा परफेक्ट लुक



अक्सर हम अपने इंडियन और वेस्टर्न आउटफिट के साथ दुपट्टे को स्टाइल करना पसंद करती हैं। यह आपके पूरे लुक को बदल सकता है या फिर उसे थोड़ा फीका भी कर सकता है। दुपट्टे की मदद से एक स्टनिंग लुक पाने के लिए जरूरी है कि आप उसे सही तरह से स्टाइल करें। यूं तो दुपट्टे को कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है। लेकिन अगर आप अपने लुक को परफेक्ट टच देना चाहती हैं तो ऐसे में आपको अपने आउटफिट की नेकलाइन को ध्यान में रखकर उसे स्टाइल करना चाहिए। आउटफिट की नेकलाइन के अनुसार जब दुपट्टे को स्टाइल किया जाता है तो इससे आपको एक स्टेटमेंट लुक मिलता है। चाहे आप वी-नेक पहन रही हों, स्वीटहार्ट नेकलाइन या फिर हाई नेक, दुपट्टा या तो उसे उभार सकता है या फिर पूरी तरह छिपा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि अपने आउटफिट की नेकलाइन के अनुसार आप दुपट्टे को किस तरह स्टाइल करें-

### बोट नेक आउटफिट

बोट नेक यकीनन आपके आउटफिट को एक स्टनिंग लुक देती है। यह नेकलाइन चौड़ी और एलीगेंट होती है और इसे छिपाने की ज़रूरत नहीं होती। ऐसी नेकलाइन के साथ आप साइड ड्रेप, एल्बो टक दुपट्टा ड्रेप कर सकती है। साइड ड्रेप के लिए दुपट्टे को एक कंधे पर रख दें, और दूसरा सिरा पीछे छोड़ दें। यह बहुत ही लाइट और स्टाइलिश लगेगा। वहीं, एल्बो टक करने के लिए आप दुपट्टे को दोनों कंधों पर रखें और उसे कोहनियों पर टिकने दें। यह बहुत ही ग्रेसफुल लगेगा। कभी भी बोट नेक आउटफिट के साथ दुपट्टे को पहनते समय गले को पूरी तरह ना ढकें। इससे आपका लुक हैवी लग सकता है।

### वी-नेक आउटफिट

वी-नेक आपको एक शार्प और लम्बा लुक देते हैं, इसलिए इस डिटेल को न छिपाएं। इसके साथ आप वन साइड लूज ड्रेप या पिन सेंटर ड्रेप लुक काफी अच्छा लगेगा। वन साइड लूज ड्रेप लुक के लिए इसे एक कंधे पर ड्रेप करें और फिर इसे ऐसे ही खुला रहने दें। वहीं, पिन सेंटर ड्रेप करने के लिए आप चेस्ट के मिडिल में पिन करें, ताकि यह वी को फ्रेम करें। कभी भी दुपट्टे की तरह अपनी गर्दन के चारों ओर ना लपेटें। यह वी लुक को छिपाएगा।

## बेसिक कुर्ते से भी क्रिएट किया जा सकता है स्टाइल स्टेटमेंट





हम सभी अपने वार्डरोब में कई तरह के आउटफिट्स को जगह देते हैं। इन्हीं में से एक है सिंपल कुर्ता, जो पहनने में तो बहुत ज्यादा कंफर्टेबल होता है, लेकिन सिंपल होने की वजह से ऐसे ही अलमारी में पड़ा रहता है। हमें लगता है कि ये कुर्ता सिंपल होने की वजह से हमारे लुक को फीका बना सकता है। हालांकि, यहां आपको यह भी समझने की जरूरत है कि स्टाइलिश दिखने के लिए हर बार महंगे और नए आउटफिट खरीदने की जरूरत नहीं होती है, बल्कि आपको अपने हर आउटफिट को सही तरह से और अलग-अलग तरीके से स्टाइल करना आना चाहिए। बस थोड़ी सी क्रिएटिविटी, सही एक्सेसरीज़, लेयरिंग और कॉन्फिडेंस की मदद से आप अपने उसी सिंपल से कुर्ते को भी ट्रेंडी बना सकती हैं। आप इस कुर्ते को ब्रंच डेट से लेकर केजुअल्स, यहां तक कि किसी खास अवसर पर भी पहन सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही स्टाइलिंग आइडियाज के बारे में बाता रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने सिंपल कुर्ते में भी स्टेटमेंट लुक क्रिएट कर सकती हैं-



### सही तरह के करें लेयरिंग

अगर आप एक सिंपल कुर्ते को एक स्टनिंग तरीके से स्टाइल करना चाहती हैं तो ऐसे में लेयरिंग करना यकीनन एक अच्छा विचार है। लेयरिंग करने के लिए आप एक लंबा प्रिंटेड श्रग, डेनिम जैकेट या स्लीवलेस एथनिक जैकेट पहनें। यह आपके लुक को अधिक स्टाइलिश बनाता है। इसी तरह, फ्यूजन ट्विस्ट के लिए कुर्ते के साथ ओवरसाइज्ड शर्ट को भी स्टाइल किया जा सकता है। सिंपल कुर्ते में स्टेटमेंट लुक क्रिएट करने के लिए आप बॉटम्स के साथ भी एक्सपेरिमेंटल हो सकती हैं। मसलन, आप सिंपल कुर्ती के साथ प्लेन लेगिंग की जगह धोती पैंट, प्रिंट वाले पलाज़ो या फ्लेयर्ड शरारा पहन सकती हैं।

## घर में बालों को ऐसे दें कोलेजन ट्रीटमेंट, बढ़ने लगेगी लंबाई



लंबे बालों का शौक तो हर महिला को होता है।अपनी खूबसूरती से वो कभी भी समझौता नहीं करती हैं। इसलिए सबसे ज्यादा वो अपनी त्वचा और बालों की देखभाल करती हैं। वैसे तो लंबे बालों का शौक हर महिला को होता है, मगर हर किसी के बाल जल्दी लंबे नहीं होते हैं। दरअसल, इसके पीछे कई वजह हैं। पहली तो यही है कि न तो आजकल का खानपान ऐसा है और न ही बालों की उचित देखभाल करने के लिए लोगों के पास समय है। ऐसे में बालों की ग्रोथ बहुत धीमी हो जाती है। वैसे बाजार में बालों की अच्छी ग्रोथ के लिए बहुत सारे प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट्स हैं। बालों की ग्रोथ के लिए कोलेजन ट्रीटमेंट भी एक लोकप्रिय और प्रभावी तरीका है। आप घर पर भी बालों को कोलेजन ट्रीटमेंट दे सकती हैं।

### कोलेजन ट्रीटमेंट के फायदे

कोलेजन बालों को जड़ से मजबूत करता है, जिससे बालों के झड़ने की समस्या कम हो जाती है। कोलेजन ट्रीटमेंट से बाल अधिक चमकदार हो जाते है, जिससे वे स्वस्थ और सुंदर दिखते हैं।कोलेजन ट्रीटमेंट बालों की ग्रोथ को प्रमोट करता है और नए बालों के विकास को बढ़ावा देता है। कोलेजन ट्रीटमेंट से रूखे और क्षतिग्रस्त बालों को रिपेयर किया जा सकता है।

### लहसुन से कोलेजन ट्रीटमेंट

लहसुन का हेयर पैक बालों की ग्रोथ से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में बहुत उपयोगी हो सकता है। यह बालों के झड़ने को कम करने, बालों को मजबूत बनाने और डैंड्रफ को कम करने में मदद करता है। लहसुन की कलियों को छीलकर इन्हें एक मिक्सर में पीसकर पेस्ट बना लें।

## गर्मियों में चेहरे पर इन किचन इंग्रीडिएंट्स को लगाने से बचें, स्किन को हो सकता है

गर्मी में हम सभी की स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है। इस मौसम में तेज धूप, टैनिंग और पसीना आपकी स्किन को परेशान कर सकता है। ऐसे में अपनी स्किन की देखभाल करने के लिए हम कुछ घरेलू उपाय अपनाते हैं और इसके लिए कुछ किचन इंग्रीडिएंट का सहारा लेते हैं।

शहद से लेकर नींबू या टमाटर जैसी चीज़ों को अपनी स्किन की केयर का हिस्सा बनाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि हर किचन इंग्रीडिएंट स्किन के लिए सुरक्षित नहीं होता है।

गर्मी पहले से ही आपकी स्किन के लिए कई तरह की समस्याएं लेकर आती है। ऐसे में अगर आप गलत इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपकी स्किन बद से बदतर हो सकती है। इससे आपकी स्किन में जलन से लेकर रैशेज और पिगमेंटेशन की शिकायत हो सकती है।

### प्याज या लहसुन का रस

अक्सर लोग पिंपल्स या दाग-धब्बों से निजात पाने के लिए प्याज़ या लहसुन के रस का इस्तेमाल करते हैं।



लेकिन गर्मी के मौसम में इसे लगाने से बचना चाहिए। दरअसल, इस मौसम में स्किन को जलन या खुजली की शिकायत हो सकती है।

इतना ही नहीं, यह पसीने और तेज़ धूप के साथ रिएक्ट कर सकता है, जिससे रैशेज या एलर्जी हो सकती है। चेहरे की डेलीकेट स्किन के लिए ये नुकसानदायक साबित हो सकती है।

**नमक:** नमक को भी हम अपने ब्यूटी रूटभ्न में शामिल करना पसंद करते हैं। यह बॉडी स्क्रब्स में ठीक है, लेकिन चेहरे के लिए इसे इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। नमक बहुत रफ होता है और स्किन पर छोटे-छोटे कट्स कर सकता है। साथ ही, पसीने के साथ मिलकर खुजली और ड्रायनेस बढ़ा सकता है।

### कार्नर न्यूज

#### ड्रेसिंग की गलतियां सुधारना है समझदारी की बात

## ड्रेसिंग की इन गलतियों से आपकी हाइट दिखती है कम, इन्हें पहचान कर सुधार सकते हैं स्टाइल भी

हाइट कम होना कोई खराब बात नहीं है। लेकिन गलती करके ऐसी ड्रेसिंग करना जिससे हाइट कुछ ज्यादा ही कम लगे ये भी सही नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी ड्रेसिंग में वो खास गलतियां बाहर कर दें जो आपको जरूरत से ज्यादा छोटा दिखाती हैं। इन गलतियों को पहचान कर अपनी हाइट को ज्यादा दिखाया जा सकता है। इन गलतियों को पहचान लीजिए ताकि आपको अपना बेस्ट लुक मिल सके। चलिए इन गलतियों को पहचान लीजिए-

### ओवरसाइज़ जैकेट

आपको हाइट को ज्यादा महसूस कराना हो तो ओवरसाइज़ जैकेट या दूसरे बैगी कपड़ों से भी दूरी बनानी होगी। बैगी और ढीले कपड़े कम हाइट का इल्यूजन देते हैं। इसमें पैर छोटे महसूस होते हैं।

### जींस की लंबाई

जींस की लंबाई कितनी है? हाइट को ठीक ठाक दिखाने के लिए ये जानना जरूरी है। अगर जींस के नीचे कुछ हिस्से की यूंहीं लेयर बन



रही हैं तो आपको इसे तुरंत कटा लेना चाहिए। कटा नहीं सकते हैं तो इन्हें कम से कम एंकल तक फोल्ड कर लें। इसकी फिटिंग पर भी ध्यान दें।

### हील वाले जूते

अगर आपकी स्टाइल में हील वाले जूते शामिल है तो आपको इन्हें ना कर देना चाहिए। इसके साथ हैवी सोल वाले जूते भी नहीं चलेंगे। आप सोच रहे होंगे हील वाले जूतों में क्या दिक्कत है? दिक्कत है। दरअसल इसमें आपके पैर छोटे दिखते हैं।

### भारी एसेसरीज

अगर आपको भारी एसेसरीज जैसे टाई और घड़ी पहनना पसंद है तो इनको भी लुक से निकाल दीजिए। आपको पतली टाई पहननी होगी, इसके साथ आपको पतले स्ट्रेप वाली घड़ी भी पहननी होगी।

### गलत लेयरिंग

लेयरिंग करना फैशन का हिस्सा है लेकिन इसे सही तरीके से किया गया हो तब ही अच्छा रहेगा। अगर लेयरिंग का हर कपडा अलग रंग का है तो मामला सही नहीं बैठेगा। लेयरिंग को एक ही कलर पैलेट में पहनें तो अच्छा रहेगा। इसके साथ प्रिंट न चुनें और सॉलिड रंगों का चुनाव करें।

